हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

# Freedom RAIPUR RUN

## 1 DEC 2024

10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

**Title Sponsor**
Freedom Refined Sunflower Oil

**Prayer Partner**
परिमल भारतवासी अगरबत्ती

**Associate Sponsors**
CONCRETE TMT & PIPES — मजबूती ही हमारा विश्वास है
IB GROUP
ABIS
RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
R1

**Health Partner**
SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

**Outdoor Partner**
ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS — ANDAR SE ATOOT
Vachan — Great Taste. Enriched Life
IFFCO
छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन — पंजीयन क्रमांक 3940 — स्थापना वर्ष 2012
निजात — नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां।
सुरक्षा सेवा — रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

## (BIB Distribution on 30th Nov.)
## Venue - Haribhoomi Office, Raipur
## Time - 11 AM. to 4 PM.
## Only Registered Participants for BIB*

## निधन

### रिपुसूदन शर्मा



**अंडा।** ग्राम सुरहोली बेरला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रिपुसूदन शर्मा उम्र 75 वर्ष का 27 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय, प्रमोद ,नीलिमा के पिता एवं मनोज दुबे के ससुर थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं।

### प्रभुदयाल डोंगरे



**भिलाई।** पूर्व कृषि विकास अधिकारी प्रभुदयाल (पीएस) डोंगरे का 81 वर्ष की उम्र में 28 नवंबर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 नवंबर को भिलाई-3 मस्जिद के पीछे निवास स्थान से सुबह 10.30 बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार एकता नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बीएसपी में अधिकारी एवं अहिवारा विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अशोक डोंगरे, अनिता मेश्राम एवं सीमा के पिता थे।

### सतीश चन्द्र ताम्रकार



**दुर्ग।** लुचकी पारा दुर्ग निवासी स्व. टेकन लाल ताम्रकार के पुत्र सतीश चन्द्र ताम्रकार कल्लु उम्र 62 वर्ष का निधन 27 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे नोशन व गुणेश्वर के पिता व उत्तम ताम्रकार, पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार के भाई थे।

### कौशल सोनी



**सेलूद।** ग्राम तर्रा निवासी व सोनी समाज के संरक्षक कौशल सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर को तर्रा के मुक्तिधाम में किया गया। वे नितिन व ओम ज्वेलर्स जामगांव एम आर्यन ज्वेलर्स व सोनी हार्डवैयर संचालक व जोंटी सोनी के पिता थे।

### विवेक चौथवानी विक्की



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अनुपम नगर राजनांदगांव निवासी विवेक चौथवानी विक्की का निधन हो गया। वे घनश्याम चौथवानी के सुपुत्र और अनिल चौथवानी के भाई थे। विवेक चौथवानी भिलाई में रहकर मेडिकल के क्षेत्र में कार्यरत थे। मेडिकल में जुडे होने की वजह से वे सामाजिक और चिकित्सीय क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम है।

### ज्योति उपाध्याय




**भिलाई।** एमआईजी-1/899 निवासी ज्योति पति सुरेश उपाध्याय (55 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 नवंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा हुडको स्थित निवास से निकलेगी। वे प्रियंका और श्रृष्टि की माता थीं।

### संजय खेतान



**भिलाई।** 122, न्यू सिविक सेंटर भिलाई निवासी संजय खेतान का निधन 28 नवंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 नवंबर को निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे युगल खेतान के पिता एवं विजय खेतान, अजय खेतान के भाई थे।

### रमेश राठी



**दुर्ग।** श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के वरिष्ठ सदस्य, छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के कार्यकारी मण्डल सदस्य, पूर्व अध्यक्ष बाबा रामदेव मन्दिर गंजपारा व दुर्ग क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी रमेश राठी का निधन हो गया। वे कुशाल व राजकुमार राठी के बड़े भाई व आशीष राठी के पिता थे। अंतिम यात्रा 29 नवम्बर को दोपहर 2 बजे निवास स्थान गंजपारा दुर्ग से शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## बीएसपी के प्रदर्शन की समीक्षा पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन

# सुरक्षा अनुपालन में सुधार से उत्पादन के साथ लाभप्रदता में भी होगा सुधारः दासगुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यवसाय उत्कृष्टता विभाग ने वित्तीय वर्ष के (एच–1) पहली छमाही प्रदर्शन की समीक्षा पर महात्मा गांधी कला मंदिर में लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन किया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने संयंत्र के विभिन्न वर्गों के कार्मिकों को संबोधित किया। कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, कार्यपालक निदेशक डां. रवींद्रनाथ एम, राकेश कुमार और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, वर्कर्स यूनियन, एससी/एसटी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

वित्तीय वर्ष 2024–25 की पहली छमाही के दौरान संयंत्र के प्रदर्शन की समीक्षा और भविष्य के लक्ष्यों, चुनौतियों और समाधानों पर चर्चा की गई। साथ ही पिछले एलजीआई के लक्ष्यों की प्राप्ति, कार्मिक सुविधाओं सम्बंधी विषयों और संयंत्र के अंदर और बाहर सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। संयंत्र के प्रदर्शन की समीक्षा पर आधारित प्रस्तुतीकरण, विभिन्न विभागों द्वारा दी गईं, बाद इंटरैक्शन सत्र किया गया।

### निदेशक प्रभारी ने कर्मचारियों से की बातचीत



### सुरक्षा सर्वोपरि है, करें जागरुक

श्री दासगुप्ता ने कहा, कि हम लक्ष्यों के लिए आपकी अपेक्षाओं और सुझावों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण पैरामीटर सुरक्षा है, जिसमें उपकरणों की सुरक्षा, हमारी अपनी सुरक्षा और हमारे सहयोगियों की सुरक्षा शामिल है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुशल और त्वरित संचार सबसे महत्वपूर्ण कारक है। सुरक्षा अनुपालन में सुधार से न केवल उत्पादन में सुधार होगा, बल्कि संयंत्र की उत्पादकता, टेक्नो–इकोनमिक्स और लाभप्रदता में भी सुधार होगा। निदेशक प्रभारी व ईडी ने प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यपालक निदेशकों ने टीम भावना से काम करने का आह्वान किया।

### विभागीय अधिकारियों ने दिया प्रस्तुतिकरण

इस अवसर पर सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने पहली छमाही (एच–1) में सुरक्षा प्रशिक्षण, सुरक्षा मापदंडों और सुरक्षा पहलों आदि की प्रस्तुति दी। पीपीसी के कनिष्ठ प्रबंधक रविकांत बी हटवार ने उत्पादन डेटा, एबीपी पूर्ति, वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन) मोहित कुमार ने डीकार्बोनाइजेशन की ओर सेल की यात्र पर एक प्रस्तुति दी। प्रबंधक अलंकार समद्दार और जीएम एचएस गिलहरे ने वित्तीय सेल्स व एनएसआर और व्यय विश्लेषण पर पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता पाटला ने किया।

# आदर्श नगर चरोदा में उल्टी दस्त के 28 मरीजों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड नंबर 23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में 27 नवम्बर को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। यहां 25 से 28 नवम्बर तक कुल 28 व्यक्ति प्रभावित हुये। 28 नवम्बर को उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त के 1 एवं दस्त के 1 इस प्रकार कुल 2 नये मरीज मिले। वर्तमान में 1 मरीज पी.एस.सी. भिलाई 3 में चिकित्सकीय उपचार ले रहा हैं एवं मरीज की स्थिति सामान्य है। सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशानुसार प्रभारी जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एन.एच.एम. डॉ. भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में 28 नवम्बर को जिला महामारी विशेषज्ञ रितिका मसीह, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक चरोदा विवेक मिंज व स्वास्थ्य विभाग के मैदान अमलो द्वारा संकमित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी, चरोदा व खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन के द्वारा वार्ड नं. 23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

- स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची, हालात नियंत्रित

### घरों में चल रही मरीजों की खोज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी से मिली जानकारी अनुसार काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संकमित क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। काम्बेट टीम के द्वारा घरों का भ्रमण, ओ.आर.एस. पैकेट, क्लोरिन टेबलेट, मैट्रोनिडाजोल टेब. सिप्रो टेबलेट, डॉक्सीसाइक्लिन टेबलेट, स्पोरोलेक पावडर शिविर स्थल पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है एवं मरीजों को वितरित किये गये है। एक्टिव सर्विलेंस अंतर्गत प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक घरों में एएनएम/एमपीडब्ल्यू/मितानिन ऐरिया समन्वयक/मितानिन एवं नगर निगम चरोदा द्वारा साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था तथा प्रभावित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण करने एवं गंभीर मरीजों को तत्काल हायर सेंटर रिफर किये जाने निर्देशित किया गया है। मरीजों को पानी उबालकर पीने एवं आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गयी है।

## मितानिन दिवस पर मितानिनों को किया गया सम्मानित



**सेलूद।** ग्राम पंचायत पतोरा में मितानीन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य की प्रथम पंक्ति मीतानीनों का सम्मान साड़ी, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया गर्भवती महिला नवजात शिशु की जन्म से पहले तक घर-घर जाकर बारिश गर्मी या ठंड सभी मौसम में निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाली मितानिन होती है, आज गांव गांव में चाहे बुखार हो सर्दी हो या छोटी-छोटी बीमारियों के लिए मितानिन हमेशा तैयार रहती है, घरों में चाहे बुजुर्ग हो या दिव्यांगजन उनका बीपी और शुगर जांच करती है आज गांव में परिवार की एक सदस्य की तरह हो गई है मिनितिन। ग्राम पंचायत पतोरा में अंजनी साहू, ललिता साहू, रोहिणी साहू बिंदु साहू, बिमला बारले, रमला वर्मा, लता साहू का सम्मान किया गया। हमारा शौचालय हमारा सम्मान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय के लिए स्व बृजलाल देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय पतोरा की प्राचार्य प्रितिबाला साहू को, सामुदायिक शौचालय के लिए सरस्वती दीदी स्व सहायता समूह को, व्यक्तिगत शौचालय के लिए बेदु बाई ठाकुर एवं आशा कुर्रे को प्रशस्ति पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिसमे सरपंच अंजीता साहू सचिव महेंद्र साहू उपसरपंच घनश्याम साहू सचिव क्षमा भारती कंप्यूटर ऑपरेटर शालिनी देवांगन आदि उपस्थित थे।

# किसानों का टोकन नहीं कट पाने से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने व टोकन लेने किसानों अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ऑनलाइन टोकन एप रोजाना सुबह 9.30 बजे खुलता है और 10 से 15 मिनट में ही सारे समितियों के टोकन कट जाते हैं। इसके चलते समितियों से किसानों को मैनुअल टोकन नहीं मिल पा रहा है जिए कारण किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। वहीं बड़े किसानों को टोकन के लिए केवल 20 प्रतिशत ही किसानों को टोकन कटने से किसान काफी परेशान हैं। धान की मिंजाई हो जाने के बाद किसान धान की रखवारी कर रहे हैं और धान को बेचने के लिए किसान टोकन के लिए चक्कर काट रहे हैं।

निरीक्षण के लिए जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष अशोक साहू तेलीगुंडरा पहुंचे जहां किसानों से चर्चा किए। किसानों ने खरीदी में टोकन के लिए हो रही रही समस्या को बताए तभी उपाध्यक्ष ने कलेक्टर व एसडीएम को फोन कर समस्याओं से अवगत किए। उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति व नियत साफ नहीं हैं किसानों को अभी से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जो कि आगे और भी समस्याएं होंगी। यह सरकार किसान हितैषी नहीं है। समस्याओं को अधिकारी भी सुधार नहीं पा रही हैं जिसके चलते अधिकारी भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिनेश साहू सहित किसान उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार जैसे टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन ऑनलाइन 600 क्विंटल आवेदन किया जा सकता हैं। जिसमें से सीमांत किसान के लिए उपलब्ध मात्रा 300 क्विंटल, लघु किसान 200 क्विंटल, दीर्घ किसान के लिए उपलब्ध मात्रा 100 क्विंटल का ही कटेगा। इस प्रकार बड़े किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। टोकन के लिए सेंटरों में सुबह से ही किसानों की भीड़ लग रही है। टोकन कटाने के लिए किसान सुबह 9 बजे से ही मोबाईल हाथ में लेकर बैठ जाते हैं जैसे ही समय पर पोर्टल खुले और टोकन काट ले। वहीं कई किसान च्वाइस सेंटरों में टोकन कटवाने के लिए घंटों इंतजार में बैठे रहते हैं। वही सभी सेंटरो में काफी भीड़ लगी रहती हैं लेकिन टोकन सर्वर सहित अन्य कारणों से पोर्टल खुलता ही नहीं और किसान टोकन नहीं काट पाते। कुछ समय बाद 15 मिनट में ही लिमिट ख़त्म हो जाता है और किसान मायूस होकर घर लौट जाते हैं जिस कारण से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।



- जिपं उपाध्यक्ष अशोक ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

## बोहारडीह स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोज



**सेलूद।** शाप्रा शाला बोहारडीह में शाला विकास समिति के सदस्य शिक्षाविद भी किशन लाल साहू ने अपने जन्म दिन पर बच्चों की न्योता भोज कराया। शिक्षक योगेश साहू ने न्योता भोज के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छ.ग. सरकार द्वारा बच्चों के हित में बेहतरीन प्रयास किया रहा है। इस अवसर पर शिलक योगेश साइ, डीपी साहू, शिक्षिका मिनाक्षी कृष्णमूर्ति, शिक्षाविद किशन लाल साहू, दानेश्वर कुमार मोनिश साहू, जैन बाई, शशी साहू, आदर्श कुमार साहू, गीतू साहू,

# बटरेल सोसायटी अध्यक्ष कमलेश के अनुभव से अब लाभान्वित होंगे किसानः लालेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बटरेल में नव नियुक्त अध्यक्ष कमलेश साहू ने पदभार ग्रहण किया। पद ग्रहण समारोह में पूर्व विधायक डा दयाराम साहू भाजपा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, बेल्हारी सोसायटी अध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, अभयराम ठाकुर सरपंच बटरेल , भोकलू राम साहू पूर्व अध्यक्ष, डॉ. देवेंद्र साहू अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं समिति प्रबंधक खुमेश वर्मा, चुम्मन सहायक समिति प्रबंधक, येवेंद्र शांडिल्य, राजेंद्र निर्मल, गोविंद प्रसाद साहू वोमेन्द्र साहू ने अपने नए अध्यक्ष का पुष्पहार से स्वागत किए।

- सोसायटी अध्यक्ष बनने पर जताया आभार



### किसानों की समस्या अपनी समस्याः कमलेश

नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि किसानों की समस्या अपनी समस्या मानकर कर हल किया जाएगा। किसानों की सेवा करने के लिए भाजपा के इस सिपाही पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा जताया है। भरोसा पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।उन्होंने कहा कि दक्षिण पाटन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन करने का अवसर मिला है किसानों से नजदीकियां बड़ी है और सोसायटी अध्यक्ष बनने के बाद किसानों की पूर्ण सेवा करने का अवसर मिला। सहयोगियों का आभार । वहीं पूर्व विधायक डा दयाराम साहू ने कहा कि किसान की मेहनत से अन्न उत्पादित होता है जिससे पूरे प्राणी जगत का पेट भरता है। ऐसे अन्नदाता की सेवा करने का अवसर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू को मिला है सोसायटी अध्यक्ष के रूप में कमलेश साहू का कार्यकाल यादगार बने मंगल कामना है। मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष के रूप में कमलेश साहू की सक्रियता जुझारू पन किसी से छुपी नहीं है।ये किसानों के काफी करीब पहले से ही है और अब सोसायटी अध्यक्ष बनने के बाद तो अंतरंगता और भी लाजबाव हो गई है।

## अंचल की खबरें

### जामगांव आर सोसायटी में भगवान ने संभाला पदभार



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति जामगांव आर के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर पदभार ग्रहण किए। केंदीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन, समिति प्रबंधक वीरेंद्र देशमुख पदभार ग्रहण कराए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, रूपसिंह सिन्हा, अंगेश्वर साहू, नरेश केला, रामकुमार चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

### नवनियुक्त अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



**निकुम।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में संचालित सेवा सहकारी समिति निकुम में भाजपा द्वारा मनोनीत नये अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह अनूठी पहल करते हुए मोदी की गांरटी 21 क्विंटल धान करने पर पहुंचे किसानों ने मिलकर नये सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष भैय्या लाल साहू को 21 प्रकार की मिठाई खिलाकर, पुष्पहार, गुलदस्ता, बुके देकर जोरदार स्वागत किया। जिसमें भाजपा मंडल अंजोरा अध्यक्ष गिरेश साहू ने कहा कि भाजपा अब युवाओं को मौका दे रही है, किसानों को पूरी मेहनत का फल व हक भाजपा सरकार दे रही है,वही इस अवसर पर पदभार ग्रहण कर अध्यक्ष भैय्या लाल साहू ने कहा कि किसानो को धान खरीदी केन्द्र में किसी प्रकार की परेशानिया ना हो, नियमित खरीदी मेरा प्रथम लक्ष्य है।

### प्राधिकृत अधिकारी देव सिंह ने पदभार संभाला



**अंडा।** सेवा सहकारी समिति तिरगा में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी देवसिंह ठाकुर के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन समिति तिरगा सोसायटी प्रांगण में किया गया। पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलचंदन, विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र बेलचंदन पूर्व जनपद पंचायत सदस्य, गिरेश साहू अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री पुराण देशमुख, लिकेश्वर देशमुख, जैन देशमुख ,पूर्वसरपंच संत राम देशमुख, पूर्व सरपंच नंदकुमार देशमुख, गैंद लाल देशमुख सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

### विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कल

**पाटन।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम असोगा एवं चूलगहन में 30 नवंबर को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में शामिल होंगे। साथ ही ग्राम डिडगा में राधेरमन चंद्राकर परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण का श्रवणपान करेंगे। उक्त जानकारी जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू ने दी।

### बीएसपी में केबिन गिरा, ठेका कर्मी घायल

**भिलाई।** बीती रात भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई दुर्घटना में फिर एक ठेका मजदूर घायल हो गया। ओएचपी के रिक्लेमर -5 में अचानक केबिन टूटकर तीन फीट नीचे जमीन पर गिर पड़ा। इससे मशीन आपरेट कर रहा ठेका मजदूर दुष्यंत कुमार घायल हो गया। उसे एंबूलेंस से मेन मेडिकल पोस्ट जाया गया, जहां से सेक्टर नौ हास्पिटल भेजा गया । उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है। चोटिल मजदूर आनंद इंटरप्राइजेस कंपनी का कर्मी था। इसके पखवाड़ेभर पूर्व भी संयंत्र में गैस लीकेज से दो ठेका मजदूर प्रभावित हुए थे।

### AFFIDAVIT

1. I, **No. JC-278775F Rank Sub (AIG) Name Rupesh Kumar** Father of Lalima (Minor Daughter) of Unit **225 Fd Regt.** Resident of Vill+PO - Patora, Teh - Patan, Distt - Durg, State - Chhattisgarh & PIN-491107 I am solemnly affirm and state the following in my respect :-
   (a) As per my Service documents, my daughter's name has been mentioned at the of Birth Part II Order as **Lalima** which is incorrect.
   (b) My Daughter's correct name as per civil documents 10th Class Certificate and Aadhar Card is **Lalima Dewangan.**
   (c) The name declared by me of my daughter as **Lalima** which is existing in my service documents is not correct and hence this affidavit in before the judicial Magistrate.

I give my undertaking that all documents submitted by me are correct. All documents issued by government organization / offices have been signed by authorized designated and government official. If any document at any stage is found fake, I am aware that I will be liable for punishment.

**Date : 28/11/2024**

DEPONENT

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

### नोटिस

राजस्व प्रकरणक्रमांक अ/6

वर्ष 2024-2025

प्रति,
1. यसोमती पिता स्व. कृष्णा लाल
2. ब्रहम्णी चंद्राकर पिता स्व. टालेश्वर चंद्राकर
3. एकांत चंद्राकर पिता स्व. टालेश्वर चंद्राकर
4. तोषी पिता स्व. टालेश्वर चंद्राकर
5. शेफाली पिता स्व. टालेश्वर चंद्राकर

सभी निवासी-ग्राम अछोली, राजनांदगाव तह. जि. राजनांदगाव

आवेदक राधेश्याम सोनी आ. स्व. बाकेलाल सोनी साकिन शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न . 14/19, रा.नि.मं. दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 2717/1 का टु. रकबा 0.21 आरे = 0.55 डि. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 20/09/93 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अपरोक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 12/12/24 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

जारी दिनांक 28/11/24

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

Health Town


राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024



12 डिपरापारा की तरह ही शहर के ऐतिहासिक तालाबों पर भी कब्जा



# अफ्रीका का चीता भिलाई में, जोंटी रोड्स एक दिसंबर को करेंगे रूगंटा क्रिकेट अकादमी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इस्पात नगरी भिलाई में अब अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी तैयार होंगे। इसके लिए रूंगटा क्रिक्रेट अकादमी बनाई गई है। इस अकादमी की शुरूआत करने के लिए आफ्रीका का चीता यानी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट आलराउंडर जोंटी रोड्स आ रहे हैं। एक दिसंबर को अकादमी रूंगटा पब्लिक स्कूल परिसर में उद्घाटन के बाद शुरू हो जाएगी। इस अकादमी में क्रिक्रेट की नर्सरी तैयार होगी। यहां से खिलाड़ियों की ऐसी नस्ल तैयार होने जा रही है जो न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि भारतीय क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने में कामयाब होंगे।




## अकादमी में क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों के सिखाए जाएंगे गुर

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान तैयार

रूंगटा क्रिक्रेट अकादमी संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सीजीसीए के संस्थापक राजेश चौहान के सहयोग से संचालित होगी। इसके लिए यहां पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ही खेल मैदान तैयार किया गया है। आने वाले दिनों में इस मैदान पर फ्लड लाईट की सुविधा भी हो जाएगी। इस मैदान में न केवल क्रिकेट बल्कि अन्य खेलों जैसे फुटबॉल, बॉस्केटबाल, बैडमिंटन सहित अन्य इनडोर खेल गतिविधियां भी होगी। यानी हर खेलों के प्रतिभावान बच्चों को मंच प्रदान किया जाएगा।



### ओलंपिक में बढ़े प्रदेश की भागीदारी

भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमेन विजय गुप्ता ने कहा कि इन दिनों ओलंपिक में कई खेल ऐसे हैं जहां खिलाड़ियों की भागीदारी कम हो रही है। चाहे ग्रामीण खेल हो या शहरी, प्रतिभावान बच्चों को समय पर कोचिंग मिलेगी तो वे अपना उम्दा प्रदर्शन कर सकेंगे। यहां के बच्चे भी अपना कैरियर खेल में बना सकते हैं।

### पेशेवर कोच सिखाएंगे स्कूली बच्चों को

संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य का एक मात्र प्रमुख शैक्षिक संस्थान हैं, जहाँ सदैव शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार और उत्कृष्टता को प्रधानता दी जाती हैं। सामाजिक जिम्मेदारी और छात्रों के समग्र विकास के प्रति अपने समर्पण के कारण, एसआरजीआई ने एक आदर्श शैक्षिक संस्था के रूप में हमेशा अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हैं। रुंगटा ने इस अकादमी के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा, "इसकी स्थापना एक मज़बूत दृष्टिकोण और उद्देश्य के साथ की जा रही है रुंगटा क्रिकेट अकादमी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारना और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जहाँ वे क्रिकेट खेल की बारीकियों को सीख सकें, साथ ही अपने व्यक्तित्व का भी विकास कर सकें। इसके लिए अब बच्चों को दूर जाने की ज़रूरत नहीं होगी। अकादमी में बच्चों को तकनीकी, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए पेशेवर कोचों की टीम काम करेगी। इस अकादमी में क्रिकेट के विभिन्न पहलुओं जैसे बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग, फिटनेस ट्रेनिंग, और मानसिक कौशल पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान ने बताया कि इस तरह की क्रिकेट अकादमी न केवल खेल के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाएगी, बल्कि क्रिकेट खिलाड़ियों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण प्रदान करेगी। जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपना नाम कमा सकें। बालिकाओं को भी उनकी खेल प्रतिभाओं के हिसाब से प्रशिक्षण देंगे।

## खबर संक्षेप

### नशीली सामग्री बेचने वाली दुर्गा अम्मा को जेल

**भिलाई।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त दुर्गा अम्मा निवासी बालाजी नगर मंदिर के पास खुर्सीपार भिलाई को छह महीने के लिए जेल भेज दिया है। केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध किया गया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईश्तगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार दुर्गा अम्मा के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के 2 मामले पर कार्यवाही की गई है। एक मामले पर दो माह तीन दिवस के सश्रम कारावास व 5 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। दूसरा प्रकरण विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस. के न्यायालयीन में विचाराधीन है। अनावेदिका जेल से छूट जाने के पश्चात लगातार मादक पदार्थ खरीदी बिक्री में संलिप्त रही है। उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार प्रतीत नहीं होता है। वर्तमान में उनके विरूद्ध शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायते लगातार मिलती रही है। वह खुर्सीपार थाना क्षेत्र के लड़कों का गेंग बनाकर रखी गई है। क्षेत्र में गांजा/शराब बेचने का कार्य निरंतर की जा रही है।

### दावा आपत्ति 5 दिसम्बर तक

**दुर्ग।** जिला पंचायत सीईओ से प्राप्त जानकारी अनुसार विभिन्न पदों लेखापाल, सहायक ग्रेड-03 एवं जनपद पंचायतों में विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर के संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन 5 दिसंबर तक मंगाए गए हैं।

## प्रदेश स्तर से रोज धान खरीदी का तय हो रहा मापदंड

# टोकन नहीं कटने से किसान परेशान सहकारी सोसायटियों के लगा रहे चक्कर

राहुल शर्मा ⏭दुर्ग

जिले में किसान आनलाइन टोकन नहीं कटने के कारण हलाकान हो गए है। धान की उपज तैयार होने के बाद भी किसानों का नंबर धान बेचने नहीं लग रहा है। शुरूआत में सौ फीसदी आनलाइन टोकन का नियम बनाया गया था। जिसके कारण कई किसान टोकन नहीं कटा पाए। एप खोलने पर सिस्टम में ऐरो का निशान गोल-गोल घुम रहा है। परेशान किसान सोसायटियों का चक्कर कांटकर परेशान हो रहे हैं। हालात यह है कि, अब तक सिर्फ 19 फीसदी किसानों ने ही धान बेचा हैं।



### 46 केंद्रों में धान रखने जगह नहीं

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी चौदह नवंबर से शुरू हो चुकी हैं। एकतरफ जहां किसान टोकन नहीं कटने से परेशान हैं, वही उपार्जन केन्द्रो में भी अब जाम के हालात निर्मित हो रहे है। जिले में ऐसे 46 उपार्जन केन्द्र है, जहां धान रखने की जगह नहीं हैं। जिला प्रशासन की अब तक कोई तैयारी सामने नही आई हैं। आने वाले दिनों में इस अव्यवस्था के चलते किसानों का गुस्सा फूट सकता है। सोसायटी प्रबंधक बफर लिमिट से अधिक धान होने पर लगातार मार्कफेड को उठाव की मिन्नते कर रहे है। लेकिन मार्कफेड द्वारा अब तक धान उठाव कराने कोई प्रयास नही किए गए हैं।

### पहले सौ फीसदी टोकन से भटकाव में किसान

शुरूआत में राज्य शासन द्वारा सोसायटी से टोकन कटाने का प्रावधान नही किया गया था। किसानों को सौ फीसदी किसान तुंहर द्वार नामक एप से टोकन काटने की बात कही गई। ऐसे में पिछले बारह दिनों से किसान आनलाइन टोकन नही कटने से परेशान हैं। जिसके चलते अब सोसायटी से चालीस और आनलाइन टोकन साठ फीसदी किया गया हैं। इसके बाद भी किसान टोकन नही कटा पा रहे हैं।

### 11 दिन में सिर्फ आठ लाख क्विंटल की खरीदी

विगत 14 नवंबर से अब तक 11 दिन धान खरीदी हुई हैं, जिसमें अब तक सिर्फ 19212 किसानों से 8 लाख 93 हजार 460 क्विंटल धान खरीदी हुई हैं। जबकि खरीदी आगामी 31 जनवरी तक 54 दिन होगी। ऐसे में अगर इसी तरह धीमी गति से धान खरीदी चलती रही तो सिर्फ चालीस लाख क्विंटल से अधिक खरीदी नही हो पाएगी। जबकि जिले में 1 लाख 14 हजार 775 किसानों से 1 लाख 22122 हेक्टेयर में अनुमानित 67 लाख क्विंटल खरीदी का टारगेट रखा गया हैं

### मिलरों ने दबाया एक करोड़ नग बारदाना

जिले में 67 लाख क्विंटल धान खरीदी में करीब डेढ करोड नग से अधिक बारदाने की जरूरत पडेगी। वर्तमान में मार्कफेड द्वारा 64 लाख नग बारदाने उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें 8 लाख 93 हजार क्विंटल धान खरीदी में करीब 22 लाख 33 हजार 662 नग बारदाने का उपयोग हो चुका हैं। पिछले साल का करीब एक करोड नग बारदाना मिलरों के पास हैं। लेकिन मिलर पिछले साल के कस्टम मिलिंग की राशि करीब पांच सौ करोड सरकार द्वारा नही दिए जाने के चलते न पंजीयन करा रहे है और न बारदाने वापस कर रहे हैं। जबकि पचास नया और पचास फीसदी पुराने बारदाने से खरीदी का नियम था, लेकिन मार्कफेड के पास पर्याप्त बारदान ही नही हैं।

## धान खरीदी केन्द्रों में बंफर स्टाक पार खलिहान में रतजगा कर रहे किसान

**दिलीप साहू, निकुम।** किसान बीते पखवाड़े भर से धान खरीदी की रीति नीति व मिलर्स के मांगों को लेकर समन्वय नहीं बनने के कारण धान का उठाव नहीं होना पूरे सिस्टम को मानो ठेंगा दिखा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र निकुम , आलबरस ,तिरगा, अंडा सहित कई खरीदी केन्द्रो में धान का बफर खरीदी हो चुकी है, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं होने से समितियो को रखरखाव की चिंता तो किसानों को जगह के अभाव में धान खरीदी बंद होने का भय सता रहा है। क्योकि बीते दो दिनो से बादल छा जाने से किसानों को खलिहान में डंप रखी धान की सुरक्षा को लेकर ठंड में ठिठुरते हुए रात में रतजगा करना मजबूरी तो वही अलसुबह अपनी टोकन कटवाने सोसाइटी में भूखे प्यासे लाइन लगाना पड़ता है। गांव में आनलाइन टोकन तुंहर द्वार मोबाइल में आनलाइन कराने च्वाइस सेंटर में 50 रुपये देकर करा रहे है ,लेकिन सुबह 9.30 बजे सिर्फ दस मिनिट में फुल होने के बाद किसान को निराष होकर लौटना पड़ता है।

### नहीं खुल रहा पोर्टल

बीते 14 नवम्बर से आज पर्यंत तक 300 किसानो 1893 किसान. धान बेच चुके है, वही 1500 पंजीकृत किसान है, वही निकुम समिति में बफर खरीदी होने के बावजूद धान का उठाव नही होने से समिति व किसान दोनो चिंतित है, वही प्रभारी समिति प्रंबधक निकुम भेशज साहू ने बताया कि धान डंप है, लेकिन डीईओ व नही कटने के कारण धान का उठाव नही 'ुरु हुआ है, फिलहाल खरीदी के लिए जगह है। वही समिति अध्यक्ष भैय्या लाल साहू ने कहा कि जल्द ही परिवहन 'ुरु व टोकन सुविधा होने से किसानो को राहत मिलेगी।

### फटे बारदाना बने मुसीबत



निकुम समिति में धान बेचने पहुचे किसान निलेन्द्र साहू ने कहा कि किसानो के मेहनत पर पानी फिर रहा है ,बारदाना कट फटे होने से धान गिरने से फिर मेहनत कर पैरा सहित अन्य चीजों के जुगाड़ करना पड़ रहा है। वही मासाभाट के किसान संतोष साहू ने कहा कि 6 एकड़ जमीन पर खेती करता हूँ, लेकिन धान बेचने टोकन के लिए बीते 15 दिनों से भटक रहा हूं। ,सर्वर डाउन की समस्या के कारण छोटे किसान सहित बड़े किसान भी भटक रहे है। आगामी 12 दिसम्बर तक टोकन फूल होने से किसान मायूस होकर लौट रहे है ,वही ऑनलाइन सिस्टम में कई किसान दोबारा लाभ मिल रहा है। वही रात में खलिहान में ठिठुरते हुए किसान रतजगा कर रहे है, चूंकि धान खरीदी केन्द्रो में प्रतिदिन 4700 धान कट्टा का लिमिट होने के कारण समुचित मात्र में धान नहीं बिक रहा है।

### फैक्ट फाइल

- जिले में 114775 किसान पंजीकृत, 19212 से हुई खरीदी
- 64 लाख क्विंटल का टारगेट, 1 लाख 22 हजार 122 हेक्टेयर में होगी खरीदी
- आगामी 31 जनवरी तक खरीदी, टोटल 54 दिन की होगी खरीदी तिथि
- अब सोसायटी में चालीस और आनलाइन साठ फीसदी टोकन कांट सकेगें

### इन केन्द्रों में धान रखने जगह नहीं

जिले में 102 केन्द्र में खरीदी हो रही हैं। जिसमें 46 केन्द्र में अब धान रखने की जगह नही है। बफर लिमिट से अधिक धान होने के कारण परेशानी हो रही हैं। जिसमें जानकारी अनुसार जिले के अंडा, जामगांव आर, डीडीभांठा, डोडकी, नगपुरा, निकुम, निपानी जामगांव, फेकारी, बटरेल, बरहापुर, रहटादाह, रौंदा, सुरपा, सेलूद, सांतरा और सोतनपुर सहित 46 उपार्जन केन्द्र शामिल है। यहां आगामी दिनों धान खरीदी बंद होने के आसार हैं।

### इंतजार कर रहे



एप से टोकन कटाने लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। मिंजाई हो गया है। टोकन कटने का इंतजार कर रहे है।

- कल्याण सिंह ठाकुर, भरनी

### अब सोसायटी कह रहे



पहले मोबाइल से टोकन कांटने कहा गया था। सोसायटी से नही कट रहा था। अब सोसायटी से कटने की बात कह रहे हैं।

- उत्तम चंद्राकर, बोरई

### गोल-गोल घूम रहे



किसान तुंहर द्वार एप को खोलने पर नही खुल रहा हैं। पिछले पांच दिन से पूरे घर वाले प्रयास कर रहे हैं।

- परमानंद यादव, बोरई

### तैयारी चल रही

संग्रहण केन्द्रों को खोलने की तैयारी है। ट्रांसपोर्टरों से उठाव कराएंगे। मिलिंग का माड्युल खुल गया हैं। मिलरों से बातचीत जारी हैं।

-श्री अतरी, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

## बीएससी, एमएससी नर्सिंग परीक्षाओं में अनियमितता, कुलपति से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 11 नवंबर को एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग तथा

- कॉलेज के 300 से ज्यादा छात्रों का भविष्य अधर में, परिणाम प्रभावित होने की आशंका

बीएससी नर्सिंग की वार्षिक, सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। 11 नवंबर को सभी परीक्षा केंद्रो में नर्सिंग मैनेजमेंट विषय पर एमएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की परीक्षा संचालित की गई। इस दौरान पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों को 15 पृष्ठ युक्त उत्तर पुस्तिका प्रदान की गई। वहीं अन्य सभी परीक्षा केंद्रो में छात्रों को 26 पृष्ठ युक्त उत्तर पुस्तिका प्रदान की गई। नियमतः छात्रों को 26 पृष्ठ युक्त (आगे पीछे मिलाकर 52 पृष्ठ) की उत्तर पुस्तिका प्रदान की जानी थी। पीजी कॉलेज आफ नर्सिंग परीक्षा केंद्र में शामिल सभी छात्रों ने केंद्राध्यक्ष से निवेदन भी किया कि उन्हें सप्लीमेंट्री आंसरशीट उपलब्ध कराई जाए। किंतु उनकी समस्याओं का निवारण नहीं किया गया। इसके कारण छात्र 20 अंकों के प्रश्न का उत्तर लिखने में असमर्थ थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद पीजी कॉलेज के एमएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के छात्रों ने संस्था के प्राचार्य को भी इसकी जानकारी दी। वे इस परीक्षा केंद्र की केंद्राध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन यहीं होगा।

### 9 कॉलेज के 300 से ज्यादा छात्र हुए शामिल

परीक्षा केंद्र में 9 कॉलेजों के 300 से ज्यादा छात्र परीक्षा में शामिल हुए। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित परीक्षा केंद्रों के अलावा 13 निजी नर्सिंग महाविद्यालयों को भी नर्सिंग परीक्षा के लिए नर्सिंग परीक्षा केंद्र बनाया गया है। किंतु पीजी कॉलेज आफ नर्सिंग और होली क्रॉस कॉलेज आफ नर्सिंग अंबिकापुर में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा संचालन की निष्पक्षता तथा पारदर्शिता हेतु कोई भी पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं किया गया। अन्य सभी 11 निजी नर्सिंग महाविद्यालय जो परीक्षा केंद्र भी हैं, उनमें विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस प्रणाली के कारण इन परीक्षा केंद्रो में पढ़ने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम उसी महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक संकाय जो मूल्यांकनकर्ता भी हैं। इससे परिणाम प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है।

### गांजा सहित युवक पकड़ाया

**भिलाई।** छावनी पुलिस ने गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। जामुल थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, सहा उप निरी बेनी सिंह राजपूत, आरक्षक 1673, 1729, 1359 एवं जामुल पेट्रोलिंग की संयुक्त टीम को मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई की। तिरंगा चौक छावनी बस्ती में आरोपी कल्याण वर्मा पिता गोवर्धन वर्मा उम्र 34 साल साकिन तिरंगा चौक छावनी बस्ती के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 1.460 कि.ग्रा. कीमती करीब 15,000 रुपए तथा गांजा बिक्री का नगदी रकम 3910 रुपए , 01 नग एक स्मार्ट फोन कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल कीमती 15,000 रुपए जुमला कीमती 33,910 रुपए जप्ती बनाई गई। आरोपी कल्याण वर्मा के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### जोन अधिकारी, अभियंता सहित 64 लोगों के प्रभार बदले

# नए आयुक्त ने की भिलाई निगम में व्यापक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम में नए आयुक्त राजेश पांडेय ने बड़ी विभागीय सर्जरी की है। सभी विभागों के प्रभार बदलते हुए 64 अधिकारी, इंजीनियर , सब इंजीनियर सहित कर्मचारियों को

- उपायुक्त व जोन अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

इधर-उधर किया है। माना जा रहा है कि लंबे समय से जमे हुए लोगों को हटा कर नए को मौका दिया है। राजस्व वसूली में पकड़ रखने वालों को राजस्व विभाग में तवज्जो दी गई है।

### उपायुक्त व जोन आयुक्तों को ये प्रभार

उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे को सामान्य प्रशासन विभाग,संपदा विभाग, राजस्व विभाग, सम्पत्तिकर विभाग और विभागीय जांच से संबंधित फाइलों का निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा को निर्माण कार्यो की निवमित समीक्षा एवं रिपोर्टिंग, जन स्वास्थ्य विभाग, जन शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना, नोडल अधिकारी दुर्ग-जिला, अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी से संबंधित कार्य, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना , मुख्यमंत्री जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना सहित 11 कार्यो को सौंपा गया है। डीके वर्मा अधीक्षण अभियंता को प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन अनुज्ञा अधिकारी, सचिव, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना, विद्युत/प्रकाश व्यवस्था, गुमास्ता अनुज्ञप्ति काउंटर शाखा, जोन 2- वैशाली नगर, 4 शिवाजी नगर, 5 सेक्टर-06व अन्य कार्य करेंगे। दीपक जोशी जोन 2- वैशाली नगर, 4 शिवाजी नगर, 5 सेक्टर-06, आयुक्त द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य1. जोन 1-नेहरू नगर, 3-मदरटेरेसा नगर, अधीक्षण अभियंता परियोजना शाखा, विधायक/सांसद निधि, डीएमएफ/सीएसआर, धर्मस्व संबंधी व उद्यान विभाग, निगम अंतर्गत समस्त उद्यानों का संधारण, 14 वें 15 वें वित्त आयोग, अधोसंरचना, राज्य/केन्द्र प्रवर्तित योजना 5. विकास कार्यों/जिला योजना सांख्यिकीय विभाग की जानकारी आदि कार्य करेंगे। अजय सिंह राजपूत, जोन आयुक्त जोन 1-नेहरू नगर, से संबंधित समस्त कार्य व आयुक्त द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। सुश्री येशा लहरे, जोन 2-वैशाली नगर, से संबंधित समस्त कार्य जोन 3 मदर टेरेसा नगर, से संबंधित समस्त कार्य, सतीश यादव 1. न 4-शिवाजी नगर से संबंधित समस्त कार्य 2. आयुक्त द्वारा समय-समय पर सीपे गये अन्य कार्य, नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत आय वृद्धि एवं मितव्ययिता हेतु सर्व विभागों / शाखाओं / कार्यालयों का निरीक्षण कर पाक्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

### अश्लील वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक को पुलिस ने मध्यप्रदेश के अनूपपुर से पकड़कर यहां लाई। आरोपी घनश्याम सिंह पाटले पिता कमल सिंह उम्र 21 साल निवासी भमरहा अनूपपुर(म.प्र.) को पकड़ा गया। आरोपी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी के खिलाफ धारा 67 ए आईटी एक्ट एवं 351(2) के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता निवासी संजय नगर सुपेला द्वारा 22 नवंबर को थाना सुपेला आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी घनश्याम सिंह निवासी अनूपपुर इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील वीडियो/फोटो वायरल किया।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें


★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**



### प्री बोर्ड के छात्रों की सुविधाओं का ध्यान रखने के दिए निर्देश

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने पाटन विकासखण्ड क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने पाटन में शिक्षा विभाग की प्री बोर्ड तैयारी परख कार्यक्रम के संबंध में संकुल समन्वयक, नोडल प्राचायों की बैठक ली। उन्होंने दुर्ग जिले का बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे प्रदर्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ऑडिटोरियम में बाल विवाह मुक्त भारत के संबंध में शपथ दिलाई गयी। इसके पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र कसही, उप स्वास्थ्य केंद्र कसही, धान खरीदी केंद्र पाटन, पंदर, सोरम का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार कलेक्टर सुश्री चौधरी ने धान खरीदी केन्द्रों में कृषकों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी। समिति प्रभारियों को धान खरीदी के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। ग्राम कसही में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन मकान का भी निरीक्षण किया गया।

### कातरो में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम

**दुर्ग।** युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार माय भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र द्वारा ग्राम कातरो में संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बाजार चौक से पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। कार्यक्रम सहायक श्रीमति आरती मिश्रा, जिला सलाहकार समिति सदस्य मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र सोनी व विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव ऑम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा भारतीय संविधान विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा ऑम्बेडकर के विचारों को स्लोगन के माध्यम प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र सोनी व आरती मिश्रा लेकास ने अपने विचार व्यक्त किये।

### सुराना कालेज के छात्र को कूडो में स्वर्ण पदक

**दुर्ग।** सेठआर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग के बी.पी.एड. के छात्र भूपत साहू ने 5 से 12 नवंबर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम गोडडोर रोड सूरत गुजरात में आयोजित 15वीं नेशनल टूर्नामेंट 16वीं अभिनेता अक्षय कुमार कूडो इन्टर नेशनल टूर्नामेंट एवं 5वीं कूडो फेडरेशन कप सीनियर पुरूष वर्ग में एक गोल्ड और दो ब्रान्ज मेडल प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ कूडो संघ के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि 2 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ शासन ने भी कूडो को मान्यता प्रदान किया है। भूपत साहू की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय लांजेवार एवं समस्त प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

# बोरसी हाट बाजार एसएलआरएम सेंटर में भी नहीं बन रहा खाद

**कंपोस्ट शेड का उपयोग नहीं, टंकियों में भी खराब हो रही गोबर की खाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में दस एसएलआरएम सेंटर लगाए गए हैं। इसके लिए लाखों रूपए की लागत से कंपोस्ट शेड मशीन खरीदा गया हैं। लेकिन कहीं पर भी खाद बनाने का कार्य नही किया जा रहा हैं। बोरसी हाट बाजार में भी मशीन तो रखा गया हैं, लेकिन यहां भी खाद नही बन रहा हैं। ऐसा लग रहा है कि, मशीन का लंबे समय से उपयोग ही नही किया गया हैं। यहां खाद तैयार करने बनाई गई टंकियां में भी कचरे पडे हैं। सेंटर में खरीदे गए गोबर कचरे में तब्दील होने लगा हैं। टंकी में रखे गए गोबर का खाद बनाने की प्रक्रिया तक पूरी नही की गई हैं। मशीन में गीला कचरा रखने के बजाय इसे टंकियों में रखा गया हैं। पडताल में पता चला कि, सेंटर में जैविक खाद का स्टाक भी नही हैं। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर में भी रखे गए कंपोस्ट शेड जर्जर पाया गया था। यहां भी जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया ठप हैं।







**अनदेखी:** एक दिन पहले निगम ने डिपरापारा से हटाया कब्जा

# डिपरापारा की तरह ही शहर के ऐतिहासिक तालाबों पर भी कब्जा

**शहर के पुराने ऐतिहासिक तालाबों में कब्जों का चल रहा सिलसिला, प्रशासन की रोक नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही नगरनिगम द्वारा सिर्फ डिपरापारा स्थित तालाब से कब्जा हटाकर पांच हजार रूपए जुर्माना काटने की कार्यवाही की हैं। लेकिन कार्यवाही तब माना जाएगा जब शहर के अन्य ऐतिहासिक तालाबों पर भी निगम प्रशासन की नजर पडे और कब्जा हटाए जाए। शहर में ऐसे कई तालाब है, जिस पर कब्जा होने के बाद तालाब सिकुड गया हैं। एनजीटी द्वारा दुर्ग-भिलाई के आधा दर्जन तालाबों को कब्जे से मुक्त करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद निगम ने बकायदा टीम भी बनाई थी। लेकिन कार्यवाही खानापूर्ति तक सिमटकर रह गई।

शिकायत मिलने पर निगम प्रशासन की टीम बुधवार को पोटिया जाने वाले मार्ग में स्थिति डिपरापारा तालाब से कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई, इस दौरान कब्जाधारी से पांच हजार रूपए जुर्माना भी वसूला गया। ऐसे में सवाल उठता है कि शहर के अन्य तालाबों में प्रशासन की नजर क्यों नही पड रही हैं। जबकि दुर्ग के कब्जा में शामिल तालाब एनजीटी के निर्देश में शामिल हैं। दुर्ग नगरनिगम में 36 से अधिक तालाब है। जहां आज भी लोग निस्तारी करते है। लेकिन इस बीच तालाब के किनारे कब्जो से इसका स्वरूप छोटा हो रहा है। कोई दुकान बनाने तो कोई देवालय के नाम पर कब्जा करने में उतारू है। हरिभूमि ने दुर्ग शहर के तालाबों का जायजा लिया। पाया गया कि, शहर का नयापारा पंचशील तालाब, मठपारा नया तालाब, शक्तिनगर तालाब, कातुलबोर्ड तालाब और तितुरडीह तालाब में भी अतिक्रमण नही थम रहा है।



**एनजीटी के अनुसार जिले में अतिक्रमित तालाब**

- -नगरनिगम दुर्ग में हरनाबांधा तालाब
- -नगरनिगम दुर्ग डोंगिया तालाब
- -नगरनिगम दुर्ग पोलसाय तालाब

दुर्ग। पचरीपारा तालाब की स्थिति।

### पोलसाय पारा तालाब दस फीट तक कब्जा

शहर के पोलसाय पारा वार्ड में स्थित तालाब अतिक्रमण से सिकुड गया है। यहां दस फीट तक तालाब में अतिक्रमण हो गया है। कमर्शियल दुकान बनाने और मंदिरों के नाम पर लोगों ने जमीन कब्जा लिया है। जिससे तालाब के चारों ओर दूर-दूर तक अतिक्रमण स्पष्ट दिख रहा है। यहां भी चारों ओर बिल्डिंग बन गई है। नगरनिगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन का कहना है कि, प्राकृतिक श्रोत को सहेजने की जिम्मेदारी निगम की है, लेकिन तालाब समाप्त होने से जल श्रोत कम हो रहा है। जिसका खामियाजा नई पीढियों को भुगताना पडेगा।

### कचहरी तालाब को मुरूम से पाट रहे

जानकारी जुटाने पर पता चला कि, दुर्ग शहर की ज्यादातर तालाब निजी बताई जा रही है। ऐसे में तालाब की जमीन को बेचने का भी सिलसिला चल रहा है। तालाब की जमीन खरीदने के बाद उसे मिट्टियों से पाटकर कब्जा किया जा रहा है।



कलेक्टोरेट के पीछे कचहरी तालाब को मिट्टी से पाटा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, यहां पचरी बनाने ऐसा किया जा रहा है।

### हरनाबांधा तालाब में कब्जा नही थम रहा

हरनाबांधा मुक्तिधाम शीतला वार्ड में भी लोगों ने सार्वजनिक मंच बनाकर बीस फीट तक जमीन कब्जा लिया है। इसके आलावा यहां चौक पर दुकाने बनाने दस फीट तक अतिक्रमण कर लिया है। यहां तालाब के चारों और बडी-बडी बिल्डिंग बनाकर तालाब के अस्तित्व को ही खत्म करने में कुछ लोग जुटे हुए है। यहां के लोगों द्वारा कई बार तालाब का नाप कर अतिक्रमण मुक्त करने की भी मांग की थी।



**होगी कार्रवाई**

एनजीटी के नियमों के तहत अन्य तालाबों में भी कार्यवाही की जाएगी। डिपरापारा की तरह ही अन्य तालाब को कब्जामुक्त कराया जाएगा।

**-गिरिश दीवान,** भवन अनुज्ञा अधिकारी, दुर्ग

# विकास कार्यों को लेकर विधायक ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन लोक निमार्ण विभाग द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने समीक्षा बैठक ली। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व अभियंताओ को भूमिपूजन पश्चात निर्माण कार्य का फीडबैक लेकर समयसीमा में पूर्ण करने निर्देश दिए। साथ ही शासन से स्वीकृत हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने निर्देश दिए, ताकी जनता को उनके सौगात समर्पित किया जा सके।

■ **शासन से स्वीकृत कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने दिए निर्देश**

राज्य शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जनता के मांग के अनुरूप शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा शासन से स्वीकृत कराये गए कार्य जिसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्ण करना है, उन विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक लिए। बैठक में विकास कार्यों को यथाशीघ्र समय सीमा में पूर्ण करने तथा सड़क के नवनिर्माण तथा चौड़ीकरण में सर्वे की जानकारी लिए। बैठक में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग शहर के विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण, नवनिर्माण एवं ओवरब्रिज बनाने के लिए राशि जारी की है, ताकि शहर की जनता को हैवी ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा सड़क निर्माण दौरान आने वाले कठिनाईयों को चिन्हित कर शीघ्र निराकरण करने कहा। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारीयों को पोल शिफ्टींग की जानकारी लिए सामंजस्य बनाकर कार्य को जल्द ही पूरा करने कहा। जनता की सहूलियत के लिए बनने वाले सड़क, भवन व अन्य निर्माण शीघ्र पूर्ण हो जिससे जनता को सरकार की ओर से मिलने वाले सौगात को समय पर समर्पित किया जा सके।

### इन कार्यों पर की गई चर्चा

बैठक में शासकीय भवन के नवनिर्माण, स्कूल भवन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य, जेल तिराहा से मिनीमाता चौक तक यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य, महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य, दुर्ग धमधा बेमेतरा अंडर ब्रिज से अग्रसेन चौक दुर्ग तक फोरलेन मार्ग के निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम हरिवंश मिरी, कार्यपालन अभियंता अशोक श्रीवास, सीएसईबी कार्यपालन अभियंता रवि दानी, पीडब्लूडी के एसडीओ चन्द्रशेखर आगरे, अभिषेक मेश्राम, हितेश दुलानी, गगन जैन, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

# ग्रीन चौक में लगेगी महापुरुषों की प्रतिमा

**दुर्ग।** स्टेशन रोड ग्रीन चौक के बीचों बीच चौराहे पर सरदार उधम सिंह, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाष चंद बोस की प्रतिमा जल्द स्थापित होगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल के संग प्रतिमा निर्माण स्थापना स्थल ग्रीन चौक का निरीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रतिमाएं सम्मान का प्रतीक है। शहर के चौराहों पर लगी प्रतिमा हमको उनके कार्यों ओर बलिदानों को याद कराती है। इस महत्वपूर्ण कदम से शहर की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने शहर क्षेत्र अंतर्गत महापुरुषों के प्रतिमाओं का रख रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी पहल हमारे अतीत का सम्मान करते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




# घनश्याम कॉलेज में सात दिवसीय शिविर का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम बोरसी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन विगत 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया गया है। सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन 27 नवंबर को हुआ। शिविर उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि प्रेमलता साहू, अध्यक्षता डॉ मृदुला वर्मा, विशेष अतिथि आभारानी गुप्ता, उपाध्यक्ष दयानंद शिक्षा समिति, दिग्विजय सिंह गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दयानंद शिक्षा समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉ लीना साहू, चंद्रिका प्रसाद थाना प्रभारी पद्मनाभपूर चौकी, डॉ नागेन्द्र शर्मा, डॉ नीतू सिंह, विभा शर्मा, प्रकाश साहू, बोरसी स्कूल के प्राचार्य गंगबेर जी थे। डॉ लीना साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के महत्व को बताते हुए स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया। आभारानी गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप को व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी निशा साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र चंद्राकर, कुंदन लाल साहू, रश्मि साहू, प्रेरणा ठाकुर एवं घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

■ **3 दिसंबर तक चलेगा शिविर**




स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


# स्कूल के पास बिक रहा तंबाकू चल रहा धूम्रपान, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में तम्बाखू एवं अन्य मादक पदार्थों के उपयोग के नियंत्रण एवं धुम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर के आदेशानुसार तथा कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग दुर्ग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय दानी ने बताया कि, झाडूराम देवांगन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं बस स्टैण्ड दुर्ग के आसपास पान दुकानों पर तम्बाखू, सिगरेट की बिक्री पर चालानी कार्यवाही की गई है। कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत स्कूल के 100 मीटर की दायरे में तम्बाखू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को धुम्रपान एवं अन्य तम्बाखू उत्पाद बेचना भी प्रतिबंधित है। तम्बाखू उत्पादों का सेवन करते पाए जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ नो स्मोकिंग व नाबालिग बच्चों द्वारा तम्बाखू उत्पादों पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए कुल 15 चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 3200 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

■ **स्कूल व सार्वजनिक स्थानों पर नशीली पदार्थ प्रतिबंधित**



### विधायक की पहल, दिव्यांगजनों को मिला ट्राइसाइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दिव्यांगजनों को अब कहीं भी आने जाने में कोई परेशनी नहीं होगी, विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से मिले नये ट्राईसाईकिल से स्वंय अपना काम कर सकेंगे। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगजनों ने विधायक गजेंद्र से मिलकर ट्राईसाईकिल की समस्या बताई थी। इस पर विधायक गजेन्द्र यादव ने इनकी समस्या को देखते हुए समाज कल्याण विभाग को पत्र लिखकर दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राईसाईकिल प्रदान किए। इसमें 40 वर्षीय पोटिया के जीवन, 36 वर्षीय गिरधारी बघेल, 46 वर्षीय राजेन्द्र यादव, 42 वर्षीय त्रिलोका साहू 55 वर्षीय कैलाश गेड़ाम को ट्राईसाईकिल तथा बीमारी के कारण चलने में असक्षम दीपलता साहू को व्हीलचेयर प्रदान किये।


One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
दुर्ग शहर के लिये प्रसार विभाग
में आवश्यकता है
स्वयं का वाहन आवश्यक
प्रसार प्रतिनिधि 1 पद
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



कोरिया की सांवरिया

लाइव इवेंट

## इको फ्रेंडली बिल्डिंग बनाए जाने प्रोफेसर्स में मंथन, शासन के नियमों की दी जानकारी



**भिलाई।** रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) स्पॉन्सर्ड अटल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में एडवांसमेंट इन जियो एनवायरोमेंट एंड सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर चर्चा की गई। इस एफडीपी में प्रदेश के विभिन्न शासकीय व निजी इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों की फैकल्टी ने हिस्सा लिया। 6 दिन चली इस कार्यशाला में एनआईटी, आईआईटी, सीएसवीटीयू जैसी शीर्ष संस्थानों के प्रोफेसर्स बतौर वक्ता पहुंचे। वर्तमान समय में इस्तेमाल हो रही सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर नए पहलू साझा किए। ग्रीन बिल्डिंग पर बात हुई। इसके अलावा इकोफ्रेंडली भवन निर्माण के लिए जरूरी जानकारी शेयर की गई।

- रुंगटा आर-1 में एनआईटी, आईआईटी, सीएसवीटीयू जैसी संस्थानों के एक्सपर्ट जुटे

### ग्रीन बिल्डिंग वर्तमान समय की जरुरत

एक्सपर्ट ने बताया कि वर्तमान समय में ग्रीन बिल्डिंग का कॉन्सेप्ट शासन स्तर पर जागरुकता के लिए लॉन्च किया गया है। भवनों में लाइट और एनर्जी के मैनेजमेंट से काफी हद तक हम पर्यावरण को सहेज सकते हैं। कार्यशाला में आए सभी प्रतिभागियों को एफडीपी के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र का वॉटर ट्रीटमेंट का प्लांट भी विजिट कराया गया। प्रतिभागियों ने देखा कि कैसे बीएसपी पानी का मैनेजमेंट करता है। कॉलोनी तक पीने योग्य पानी की सप्लाई करने और शेष पानी का संयंत्र में उपयोग करता है। यहां एफडीपी के प्रतिभागियों ने बीएसपी के आला अफसरों से सवाल भी पूछे। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. फरहान खान, सह समन्वयक प्रो. मेघल देवांगन, एचओडी डॉ. जयंत सूपे मौजूद रहे।

सिटी इवेंट

## हर व्यक्ति के जीवन का हो बीमा, इसलिए जागरुकता अभियान



**भिलाई।** हर व्यक्ति का जीवन बीमा होना चाहिए। इसे लेकर शासन स्तर पर पहल की गई है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को जीवन बीमा से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए अलग-अलग स्तरों पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसी ही एक बैठक लोक सेवा केंद्र जोन-5 कार्यालय सेक्टर-6 में हुई। इसमें ब्रांच मैनेजर एसपी अग्रवाल, एके देशपांडेय, अवधेश साहू, संजीव श्राफ प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान लोगों को बताया कि जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा क्रांति नाम से पॉलिसी लॉन्च की गई है। इसमें प्रति माह 481 रुपए के प्रीमियम पर 1 लाख रुपए का बीमा होता है। प्रीमियम राशि हर छह महीने या साल में एक बार जमा कराई जा सकती है। बीमा धारक को सिर्फ 15 साल पैसे पटाने हैं। 20 साल बाद उसे करीब 1.27 लाख रुपए मिलेंगे। इतना ही नहीं रिस्क कवर भी डबल रहेगा। ये पॉलिसी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए ही लागू की गई है।

- कॉमन सर्विस सेंटर और एलआईसी की संयुक्त टीम आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दे रही जानकारी

सिटी इवेंट

## कोरोनाकाल में पिता को खोया, वियना से पीएचडी कर लौटी बेटी



**भिलाई।** बजरंग चौक मरोदा टैंक वार्ड-13 रिसाली निवासी डॉ. दृष्टि यादव आसट्रिया के विएना से पीएचडी करके लौटी है। तकनीकी विज्ञान में डॉक्टरेट (विशेषकरण क्षेत्र, कम्प्यूटर) की पढ़ाई पूरी की है। उसका स्थानीय लोगों ने सम्मान किया। बता दें कि उसके पिता अलख यादव की कोरोनाकाल में मौत हो गई थी। वे पेश से शिक्षक थे। डॉ. दृष्टि की बहन शिल्पी भी डॉक्टर हैं, जो कि उतई हॉस्पिटल में चिकित्सा अधिकारी हैं। अलख यादव लोकमंजरी के जानेमाने गायक कलाकार रहे हैं। देवारी नाटक में नान्हे दाऊ की जीवंत भूमिका आज भी लोगों को याद है। अलख यादव पाउवारा में लेक्चरर के पद पर पदस्थ थे। वे कई बार साइकिल से पुरई स्कूल में पढ़ाने जाया करते थे। उनकी प्रेरणा से ही उनकी पुत्री डॉ. दृष्टि यादव ने पीएचडी की पढ़ाई पूरी की। छोटी बेटी डॉ. शिल्पी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में सेवारत हैं।

● आचार्य आगम सागर, पुनीत सागर और ऐलक धैर्य सागर पदविहार कर रुआबांधा दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे

# 125 करोड़ से चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में आचार्य विद्यासागर का बनेगा स्मारक स्थल, 1 से 5 फरवरी तक जुटेगा प्रदेशभर का जैन समाज

आचार्य 108 विद्यासागर का डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में स्मारक स्थल तैयार किया जाएगा। इस पर करीब 125 करोड़ खर्च किए जाएंगे। सामाजिक सहयोग से इस स्थल को तैयार किया जाना है। पूरे देश में अपने तरह का यह पहला स्मारक स्थल होगा, इसके भूमिपूजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। 1 से 5 फरवरी के मध्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसमें छत्तीसगढ़ और अन्य प्रदेशों से जैन समाज के लोग शामिल होंगे। मंगल विधा पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके प्रचार-प्रसार को लेकर जैन आचार्यों द्वारा पदविहार किया जा रहा है। इसे लेकर डोंगरगढ़ से चलकर तीन प्रमुख जैन आचार्य आगम सागर, पुनीत सागर और ऐलक धैर्य सागर दुर्ग जिले में पहुंचे। उनका रुआबांधा दिगंबर जैन मंदिर में विधि विधान से स्वागत किया गया। गुरुवार को मंदिर में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने जीओ और जीने दो का संदेश दिया।

**भिलाई।** गुरुवार की सुबह से ही अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह भगवान पार्श्वनाथ और आदिनाथ का अभिषेक किया गया। शांतिधारा का पाठ हुआ। इससे पहले बुधवार की शाम आचार्यों का आगमन हुआ। समाज की महिलाओं ने आचार्यों के आगमन पर स्वागत गीत गाए। श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। गुरुवार को धर्मसभा में आचार्यों ने जीओ और जीने दो का संदेश दिया। आचार्य आगम सागर ने चंद्रगिरी में शुरू होने वाले निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरा जैन समाज इस भव्य आयोजन में शामिल हो रहा है। मंगल विधा पूजन के साथ भूमिपूजन का कार्यक्रम होगा। स्मारक निर्माण की प्रक्रिया एक उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। इसमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश सहित आसपास के अन्य प्रदेशों से जैन आचार्यों और साध्वियों का आगमन छत्तीसगढ़ की पावन धरा में होने जा रहा है। बता दें कि आचार्य विद्यासागर दो साल पहले चंद्रगिरी पहुंचे थे। बाद में 18 फरवरी 2024 को चंद्रगिरी में ही उनका निधन हुआ था। गुरुवार को दिगंबर जैन मंदिर में पूरे दिन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने शाम के समय भजन-संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें स्वागत गीत गाए गए। इस अवसर पर समाज के प्रमुखजनों में कजोड़मल जैन, प्रशांत जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, राजेश जैन, अनिल जैन, प्रदीप बाकलीवाल, दिनेश जैन, किशोर जैन, भूपेंद्र कुमार जैन, अशोक जैन, राजेश जैन, पवन जैन, राजीव जैन सहित अन्य मौजूद थे।




### जैन आर्मी और उसकी अलग-अलग रेजिमेंट बनेगी

आचार्य ऐलन धैर्य सागर ने इस दौरान जैन आर्मी का गठन किया। इसकी अलग-अलग रेजिमेंट और उसके सदस्य होंगे। ये सभी जहां कहीं भी जैन समाज का कार्यक्रम होगा, वहां ध्वजाहोरण की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसका विस्तार हर जैन मंदिर और आयोजन समितियों में किया जाएगा। अपने तरह का पहला प्रयोग है, जिसकी शुरुआत भिलाई से की जा रही है।

### आज सुबह सत्संग, शाम को रिसाली दिगंबर मंदिर जाने की तैयारी

जैन समाज के लोगों ने बताया कि आचार्यों के स्वागत का क्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा। 29 नवंबर की सुबह साढ़े 7 बजे भगवान पार्श्वनाथ और आदिनाथ का विधि-विधान से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसमें संतों द्वारा उपदेश दिए जाएंगे। इसके अलावा सुबह से स्वागत का क्रम शुरू होगा। श्रीफल भेंटकर समाज के लोग संतों का अभिनंतन करेंगे। इसके बाद संतों पर निर्भर है कि वे दूसरे मंदिर की ओर प्रस्थान करें या मंदिर में ही विश्राम करें। संभावना है कि वे पदविहार कर रिसाली जैन मंदिर जाएं। तीनों ही आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य हैं। मंगल प्रवचन में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।



## बोधगया का महाबोधी महाविहार बौद्धों का रैली निकाल किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** संविधान दिवस की हिरक जयंती पर संपूर्ण भारत के बौद्धों ने एक ही दिन शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का संकल्प लिया। इसी श्रृंखला में दुर्ग जिले मे भी आंदोलन कर दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बिहार राज्य में स्थित महाबोधी महाविहार (बोधगया) को गैर बौद्ध लोगों से मुक्त करने की मांग की गई। समस्त बुद्धिष्ट, आंबेडकरी लोगों ने जहां भारी संख्या में दुर्ग जिले के लोग शामिल हुए। शांति रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया।

- पहले धरना दिया, फिर शांति रैली निकाल शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे

सदस्यों ने कहा कि भारत भूमि पर बिहार राज्य के गया जिले में स्थित बोधगया महाबोधी महाविहार में भारतीय संविधान 1950 के पहले का कानून महाबोधी महाविहार 1949 एक्ट लागू है। जबकि भारतीय संविधान के अनुसार 1950 में संविधान लागू होने के बाद 1950 के पूर्व के समस्त कानून या नियमों को शून्य घोषित किया गया है। इसके बावजूद आज भी यहां 1949 एक्ट के तहत समिति क्रियान्वित हो रही है, जो 9 सदस्यीय समिति है, जिसमें मिलिजुली कमेटी के तहत चार गैरबौद्ध, चार बौद्ध और एक गया जिला अधिकारी हैं। बुद्धगया महाबोधी महाविहार कमेटी में पूर्ण संख्या बौद्धों की हो, यह पूर्णरूपेन बौद्धों के हस्ते सौंपा जाए। इसके लिए महाबोधी महाविहार मुक्ति की कानूनी लड़ाई और जन आंदोलन कई सालो से चल रहा है। सबसे पहले अनागरिक धम्मपाल से शुरू हुआ और आज भी जारी है। इसके बाद भंते नागार्जुन सुरई ससाई के नेतृत्व में यह आंदोलन चलता रहा। वर्तमान में आकाश लामा द्वारा यह पुनः गतिमान हुआ है। क्योंकि बौद्धों के इस पवित्र स्थल पर जहां शाक्य राजकुमार सिद्धार्थ को ज्ञान प्राप्त हुआ। वे सम्यक संबुद्ध कहलाए। समता सुरक्षा सेना के प्रदेश महासचिव अनिल जोग ने बताया कि रैली निकालकर शासन-प्रशासन को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया।



## दुर्ग विधिक सेवा प्राधिकरण के रिक्त पदों में भर्ती, 13 तक आवेदन

**दुर्ग।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम दुर्ग कार्यालय में कार्यालय सहायक, क्लर्क एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी / अटेन्डेंट) कर्मचारियों के रिक्त पदों पर संविदात्मक भर्ती की जाएगी।

- कार्यालय सहायक, लिपिक, भृत्य की होगी भर्ती

इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अंतर्गत स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम दुर्ग कार्यालय हेतु कार्यालय सहायक / क्लर्क (02 पद), एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) (02 पद) कर्मचारियों के रिक्त पदों के लिए यह भर्ती निकाली गई है। योग्यता भारतीय नागरिक और भारत सरकार द्वारा मान्य अन्य श्रेणी क अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 13 दिसंबर की शाम 5 बजे तक बंद लिफाफे में वांछित दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। आवेदन पत्रों में स्पष्ट रूप से आवेदित पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा जाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग की वेबसाइट durg.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है। इसे डाउनलोड कर भरा गया आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सदन, गौरव पथ, दुर्ग में रखे गये ड्राप बाक्स के माध्यम से ही स्वीकार योग्य माना जावेगा।


37वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन ने दिया प्रशिक्षण, मानसिक, शारीरिक दक्षता का भी परीक्षण

कार्नर न्यूज

## एनसीसी कैडेट्स ने रायफल चलाने की तकनीक सीखी टार्गेट पर गोली चलाने की बुनियादी जानकारी हासिल की



**दुर्ग।** 37 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन द्वारा एसटीएफ बघेरा में फाइरिंग प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा। यह कैंप कर्नल मकसूद अली खान की अगुवाई में हो रहा है। गवर्नमेंट वीवायटी कॉलेज दुर्ग के एनसीसी कैडेट्स ने राइफल चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कैंप एनसीसी कैडेट्स के आत्मविश्वास और सटीकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे ने बताया कि गवर्नमेंट वीवायटी कॉलेज के कुल 54 कैडेट्स ने इस फाइरिंग कैंप में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस कैंप के दौरान कैडेट्स को राइफल की तकनीकी जानकारी, फाइरिंग की बुनियादी विधियां और लक्ष्य पर निशाना साधने के कौशल का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा नियमों का विशेष ध्यान रखा गया और कैडेट्स को अनुशासन के महत्व को भी समझाया गया। कैम्प के दौरान कैडेट्स ने न केवल राइफल चलाने की तकनीक सीखी, बल्कि उनकी मानसिक और शारीरिक दक्षता का भी परीक्षण किया गया। फायरिंग अभ्यास में कैडेट्स ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार दिखाया, जिससे उनकी सटीकता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।



### नियमित रूप से दिया जा रहा प्रशिक्षण

फायरिंग कैंप के सफल आयोजन के लिए 37 एनसीसी बटालियन के कर्नल मकसूद अली खान, सूबेदार मेजर भूपति थापा, पी आई स्टाफ एवं एनसीसी अधिकारियों और प्रशिक्षकों को कैडेट्स ने धन्यवाद दिया। अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग संस्थाओं के कैडेट्स को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। ताकि कैडेट्स को अनुशासित बनाया जा सके।



### देशभक्ति की भावना विकसित करने कैम्प का आयोजन

कर्नल मकसूद अली खान ने कहा कि ऐसे कैंप का आयोजन एनसीसी कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कैडेट्स को भविष्य में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करती हैं। इस प्रशिक्षण में कैडेट्स ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया और अपने अनुभव को बेहद प्रेरणादायक बताया।

## सिटी इवेंट

### गंगाधर सेवा संघम के स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**भिलाई।** श्री गंगधार सेवा संघम डोकुलपाडु भिलाई के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष एम पापाराव ने रक्तदान किया। उनके साथ ही कार्य समिति के सदस्यों और पूर्व अध्यक्ष ने भी रक्तदान किया। संघम के सभी युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ इस रक्तदान शिविर में भाग लिया। संघम के सभी दिवंगत अधिकारियों को स्मरण कर तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद सेवानिवृत्त हुए और 60 वर्ष पूर्ण हो चुके समाज के सम्माननीय सदस्यों क सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार यू. गंगाधर, एम. पुष्पा, के. शारदा को सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर सन्ना ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। इसमें समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष जी. माधव राव का मार्गदर्शन रहा। संघम के अध्यक्ष एम पापाराव ने कहा कि संघम एक व्यापक सोच के साथ आगे बढ़ रही है। मानव कल्याण हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साईनाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष, साना ब्लड बैंक के संचालक जी.माधवराव, के. राजू, जी. जगन्नाथ, के. रमन मूर्ति, जी. श्रीन कुमार, पी. शोभित कुमार, के. रवि, पी. वेंकटेश चंटी, डिल्ली राव, संतोष, नीलाद्रि, आर. गोपी, पी. भरत, यू. रघु, के. लीला मोहन, के. निखिल, बी. किशोर, मोहन आदि उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई रोकने 400 विद्यार्थियों ने ली शपथ



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इस दौरान बाल विवाह को रोकने शपथ ली गई। कार्यक्रम में प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, कमल सोनी, डॉ. अजय आर्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी सीता कन्नोजे, लोकमनी साहू, चंद्र प्रकाश पटेल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि बाल विवाह के कारण बालक एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर इसका विपरीत असर पड़ता है। विकास एवं योग्यता हासिल करने के अवसरों में भी बाल विवाह से कमी आती है यह एक सामाजिक बुराई है। डॉ अजय आर्य ने कहा कि वर्तमान में यह बुराई विकराल रूप में नहीं लेकिन जहां-जहां अशिक्षा और गरीबी है वहां जागरूकता का अभाव दिखाई देता है। आर्य समाज जैसी संस्थाओं के समाज सुधार के कार्यक्रमों में यह सर्वोपरि था। सभी समाज के लोगों को इस बुराई को रोकने में अपना योगदान देना चाहिए। लोकमनी साहू ने जागरूकता के लिए बाल विवाह के विरोध में शपथ का उच्चारण कराया। कार्यक्रम में 400 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. अजय आर्य एवं कमल सोनी ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता से चर्चा करें। उनकी मदद से आसपास जन जागरूकता फैलाएं और कभी-कभी किसी रूप में बाल विवाह को देखें तो सामाजिक एवं प्रशासनिक सहयोग से उसे रोकने का प्रयत्न करें। सीता कन्नौजे ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निरोधक कानून की जानकारी दी।

- बाल विवाह मुक्त भारत भारत सरकार के अभियान की हुई शुरुआत

## समाज इवेंट

### राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग संभाग के महासचिव बने दीपक



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी की अनुशंसा एवं संभागीय अध्यक्ष प्रिंस शर्मा की सहमति से सर्व ब्राम्हण समाज दुर्ग संभाग में महासचिव के पद पर भिलाई के दीपक मिश्रा की नियुक्ति की गई है उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय सचिव आशीष त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणि पांडे, प्रदेश महासचिव सुमित शर्मा, आईटी सेल प्रभारी अभिषेक पांडे, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, दुर्ग शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी, भिलाई शहर अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, महिला मध्यप्रदेश संगठन सचिव स्वीटी कौशिक, मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा, मंजरी दुबे, सरिता शर्मा, मनोज तिवारी, प्रीति बेहरा, विभा मिश्रा, प्रीति दुबे, अरुण पंडा, जितेन तिवारी, राहुल दुबे, बृजमोहन तिवारी, नंदकिशोर शर्मा, रमेश शर्मा सहित अनेक जनों ने बधाई दी है।

### 3 को दिव्यांगजनों का होगा सम्मान

**भिलाई।** जवाहर नगर सुषमा महिला स्वसहायता समूह सुपेला द्वारा 3 दिसंबर को दिव्यांगजनों के सम्मान में बाल उद्यान नेहरूनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। विश्व दिव्यांग दिवस पर इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जीई रोड स्थित राशिचक्र बाल उद्यान में आयोजित कार्यक्रम दिव्यांग सामर्थ्य समिति व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इसमें दिव्यांगों को शासन से प्राप्त सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई आयुक्त राजीव पांडेय मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक व संरक्षक शान्त कुमार देठे (छोटेलाल) होंगे। सहयोगी सदस्य ब्रिजेश लोनिया, कोमदास, नारायण अम्मा, संगीता, रंजीत, संजय गुप्ता, सत्यवती, राजवंती, तान्या आदि उपस्थित रहेंगे।

● हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने की शिरकत

# क्ले आर्ट से बनाए छग कला व संस्कृति पर मॉडल और ऑन द स्पॉट पेंटिंग, युवा उत्सव में दिखा उत्साह

**दुर्ग।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा उत्सव 2024–25 के अंतर्गत अंतरमहाविद्यालय स्तरीय ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं का वृहद आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। दो दिवसीय उत्सव में छत्तीसगढ़ जनजाति कला एवं संस्कृति से समृद्ध भूमि की थीम पर पेंटिग, क्ले माडल्स, कार्टूनिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। युवा उत्सव में पहली बार क्ले मॉडलिंग व कार्टूनिंग प्रतियोगिता को प्रतियोगिता में शामिल किया गया था जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।





### दो सत्रों में आयोजित की गई प्रतियोगिताएं



प्रतियोगिता के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में 11 बजे से 1 बजे तक ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के 31 महाविद्यालय के विद्यार्थी, दूसरे सत्र में 1 से 3 बजे तक कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में 25 महाविद्यालय के और तृतीय सत्र में 3 बजे से 5 बजे तक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 33 महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। दूसरे दिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 13 महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने इस वर्ष पहली बार ही क्ले मॉडलिंग को युवा-उत्सव प्रतियोगिता में शामिल किया गया था और इस प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं की उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सभी ने उमंग के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

### पहली बार हुई कार्टूनिंग प्रतियोगिता



युवा उत्सव के द्वितीय सत्र में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक पहली बार कार्टूनिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें 9 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगियों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन करते हुए मनोहारी क्ले मॉडल्स की रचना कर निर्णायको को अपने हुनर से विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ कुलदीप सिंह, प्राध्यापकों तथा अन्य अतिथियों को प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डीपीएस दुर्ग चित्रकला व्याख्याता मोहन बोराल और राजनांदगांव स्कूल के जय देब थे। इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुल सचिव कुलदीप सिंह, उप–कुलसचिव, प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल, डॉ. सुमित अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, आरके चौहान, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथि विशिष्ट रुप से उपस्थित थे। युवा उत्सव के कार्यक्रम का संचालन संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले द्वारा किया गया। जिसमें मूर्तिकला सहायक प्राध्यापक तृप्ति खरे, निर्वेर साहू, चित्रकला सहायक प्राध्यापक, सहायक प्राध्यपक मधु पाण्डे, माजदा खातून और दीपक ठाकुर का सहयोग रहा।

### प्रतियोगिताओं में यह रहे विजेता

विभिन्न प्रतियोगिताओं में ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम कुमकुम वर्मा भिलाई महाविद्यालय दुर्ग, द्वीतीय अभिषेक शर्मा शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई, तृतीय दानियाल यादव शास. शहीद कौशल यादव महा. गुण्डरदेही, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम अभिषेक शर्मा शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, द्वीतीय संतोषी दीप शास. डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्ना महा दुर्ग, तृतीय उमेश्वरी अपोलो महा. अंजोरा, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम रिया बारले, शास डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्ना. महा. दुर्ग, द्वीतीय मिनेश यादव शास. व्ही. वाई. टी. महाविद्यालय दुर्ग, तृतीय मुकेश कुमार साहू सांई महाविद्यालय सेक्टर–6, क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान यादव शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्ना. महा. दुर्ग, द्वीतीय शताक्षी शास. नागरिक कल्याण महा. अहिवारा, तृतीय अभिषेक शर्मा श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, कार्टूनिंग प्रतियोगता में प्रथम अभिषेक शर्मा श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, द्वितीय जिज्ञासा साहू बीएम कॉलेज कोलिहापुरी दुर्ग और तृतीय मानवेन्द्र कोठारी सांई महाविद्यालय सेक्टर–6 भिलाई विजेता रहे। जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## खिलाड़ी हुए रवाना

### पुरूष-महिला स्वीमिंग टीम भुवनेश्वर में आयोजित उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि स्पर्धा में करेगी प्रदर्शन



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. स्वीमिंग पुरूष-महिला टीम 28 से 30 नवबंर को कलिंगा विश्वविद्यालय, भूनेश्वर ओडिसा में आयोजित प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई में आयोजित किया गया था। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर ने अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। प्रस्थान के पूर्व सभी खिलाड़ी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात की तथा खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, जूता व ड्रेस प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, वित अधिकारी सुशील गजभिये एवं सहायक कुलसचिव दिग्विजय साहू उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय स्वीमिंग पुरूष टीम में 9 एवं महिला टीम में 8 खिलाड़ी शामिल होंगें। इस टीम के मैनेजर प्रज्ञा ताम्रकर खेल सहायक शासकीय महाविद्यालय साजा और कोच तामेश्वर व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्च मा. स्कूल पाउवारा है। टीम में शामिल हुए पुरूष-महिला खिलाड़ियों में धर्मेश निषाद शासकीय पीजी. महाविद्यालय दुर्ग, प्रशांत बिसाई, दिलेश्वर यादव, ईश्वर ओझा, डोमन देवांगन, हेमलता ओझा, ईशा देशलहरे शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, राजीव कुमार शासकीय वी.वाई.टी. पीजी. महाविद्यालय दुर्ग, कमल कुमार, हर्ष वर्मा सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, खेवन लाल निषाद मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, वैशाली शासकीय पीजी. महाविद्यालय दुर्ग, अंजलि पसोई मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, हीना ओझा भूमिका ओझा, दिलेश्वरी ओझा , धनु ओझा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ने दी जिम्मेदारी

### प्रदूषण की एक्यूआई वैल्यू का हल निकालने भिलाई में जुटेंगे 12 राज्यों के स्टूडेंट्स

**भिलाई।** केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन ग्रैंड फिनाले की जिम्मेदारी इस साल रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज को दी गई है। इसके लिए मिनिस्ट्री ने रूंगटा आर-1 ग्रुप को नोडल सेंटर भी बनाया है। नेशनल लेवल हैकथॉन का यह ग्रैड फिनाले 11 और 12 दिसंबर को होगा, जिसमें विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों की 25 टीमें हिस्सा लेंगी। यह टीमें 6 घंटे नॉनस्टाप कंप्यूटर कोडिंग करके ऐसे सॉफ्टवेयर तैयार करेंगी जो समाज के हित में रहेंगे।

इस साल एजुकेशन मिनिस्ट्री ने इन टीमों को पांच प्रॉब्लम स्टेटमेंट दिए है। यह सभी टीमें देश की राजधानी दिल्ली के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बने प्रदूषण को लेकर सॉफ्टवेयर बेस्ड सॉल्यूशन देंगी। संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर सोनल रूंगटा ने बताया कि, इस समय दिल्ली में प्रदूषण का एक्यूआई शीर्ष पायदान पर पहुंच चुका है। हवा में प्रदूषण के नैनो पार्टिकल्स घुल गए हैं जो बड़े स्तर पर लोगों को बीमार कर सकते हैं। इसके लिए हैकाथॉन में शामिल होने वाली टीमें दिल्ली में प्रदूषण की एक्यूआई वैल्यू को मोबाइल से कैप्चर करने का समाधान देगी। इसके अलावा दिल्ली में रियल टाइम ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए भी टूल्स डिजाइन किए जाएंगे। राजधानी दिल्ली के अलावा देशभर में अतिक्रमण दूसरी सबसे बड़ी समस्या है। इसका समाधान ऑटोमेशन के जरिए देने के टीमों को रोबोटिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी के जरिए हल निकालना होगा। दिल्ली में हो रही पानी की किल्लत को दूर करने के लिए भी यह टीमें सॉफ्टवेयर तैयार करेगी जिससे रियल टाइम ग्राउंड वॉटर बॉडी और स्टोरेज वॉटर का सर्वे किया जा सकेगा। इसके अलावा यह टीमें बायोटेक और हेल्थ टेक पर भी सॉफ्टवेयर टूल डेवलप करेगी। यह सभी पांचों प्रॉब्लम स्टेटमेंट इन विद्यार्थियों को केंद्र सरकार ने दी है। सॉफ्टवेयर के जरिए इन समस्याओं को सुलझाने वाली टीमों को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा। इस हैकाथॉन के लिए रूंगटा ग्रुप ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है।

**रूंगटा आर-1 कॉलेज को बनाया स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का नोडल सेंटर**

## शासन के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों में हुए आयोजन

# बच्चों ने मौलिक अधिकारों से संबंधित परिस्थितियों का अभिनय कर संविधान का सम्मान करने लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भिलाई। संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के टैगलाइन के अंतर्गत जगह-जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया । शासन के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में विद्यार्थियों को संकुल समन्वयक प्रशांत कुमार पांडे द्वारा संविधान की मूल भावना को समझाने के लिए मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक तत्व एवं मौलिक कर्तव्य आदि को विस्तार से बताया गया साथ ही छात्रों द्वारा संविधान के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त करते हुए शपथ लिया गया। सभी विद्यार्थियों ने संविधान की उद्देशिका का पाठ किया। बच्चों ने मौलिक अधिकारों से संबंधित परिस्थितियों का अभिनय के द्वारा प्रदर्शन किया और संविधान को समझने और समझाने का प्रयास किया। पुलिस, अधिकारी, वकील, शिक्षक, पार्षद, पुजारी, छात्र आदि के व्यक्तित्व को आत्मसात करते हुए अभिनय का प्रदर्शन किया। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के नारे लगाते हुए छात्रों ने संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सुमन लता वर्मा, संकुल समन्वयक प्रशांत पांडे सहित शाला के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।




### संविधान प्रस्तावना का वाचन, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने संकल्प

**दुर्ग।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया शाखा दुर्ग एवं महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 75वां संविधान दिवस समारोह का आयोजन संविधान चौक पर किया गया।



इस अवसर पर संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। ट्रस्टी एसआर कानडे, संजय शेन्द्रे, सीके डोंगरे, इन्दू ढोंक, सुधा डोंगरे प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान तिरीशरण पंचशील एवं बुध्द वंदना का सामूहिक पाठ किया गया । इसके बाद सुनंदा गजभिए ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। कानडे ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक एवं लिखित संविधान है। हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष समाजवाद, स्वतंत्रता समता बंधुता और न्याय इसकी मूल भावना है। हम सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। विविधता में एकता और अखंडता हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है। पूर्व न्यायाधीश संजय सेंद्रे ने संविधान के अनुच्छेद 13 , 14, 15, 17, 19, 21, 25 एवं 32 की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जितेंद्र मेश्राम, सुमित गजभिए, रंगारी लोखंडे, रंजना वालवानदरे, प्रतिमा गेडाम, पुष्पलता भोयर, बबीता मेश्राम, साधना नागवंशी, उषा रावत, अंजना घोड़ेसवार सहित अन्य मौजूद थे।

### संविधान दिवस पर लगा मेला, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भिलाई।** बुद्ध कल्याण समिति द्वारा बुद्ध भूमि परिसर कोसनागर भिलाई में पिछले 35 वर्षों से कोसानगर में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस बार संविधान दिवस पर मेला आयोजित किया गया था। संविधान दिवस पर दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर डॉ उदय धाबर्डे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। रात में दूर दराज से आये दर्शकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये साथ ही स्थानीय बच्चों का कार्यक्रम, सामाजिक परिचय सम्मलेन, क्रिकेट प्रतियोगिता, का आयोजन समिति द्वारा किया गया। पहले दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन ने बुद्ध भूमि परिसर के लिए हर सम्भव मदद करने घोषणा की। दूसरे दिन मुख्य अतिथि आईएएस दिलीप वासनिकर, ऑल इंडिया एससी एसटी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील रामटेके, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, बिरज मोहन सिंह, द बुद्धिस्ट सोसायटी भिलाई अध्यक्ष वर्षा बागड़े सहित अन्य सामाजिक संघटनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नरेंद्र शेन्डे, ज्ञानचन्द टेमबुरकर, माया सुखदेव, रंजू खोबरागड़े, प्रकाश मेश्राम, गौतम डोंगरे, जयेंद्र चिचखेड़े, अरुण वैध, दानशीला रामटेके, रोशन रंगारी, ताराचंद मेश्राम सहित बौद्ध समाज के लोग उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने रेलवे को 3 विकेट से दी शिकस्त



**रायपुर।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दुसरा टी-20 मुकाबला 27 नवंबर को विशाखापटनम में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया. रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों 5 विकेट खोकर 159 रन बनाये। रेलवे से कप्तान उपेन्द्र यादव ने नाबाद 68 रन तथा आशुतोष शर्मा ने नाबाद 59 रनों की पारी खेली। दोनों के मध्य छठवें विकेट के लिये 120 रनों की साझेदारी हुयी। जिसकी सहायता से टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुये सम्मानजनक स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह ने 2 विकेट, रवि किरण, मयंक यादव तथा अजय मंडल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 19.5 ओवरों में 7 विकेट खोकर 160 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शंशांक चंद्राकर ने 57 रन तथा आयुष पांडेय ने 30 रन बनाये। रेलवे की ओर से कर्न शर्मा ने 3 विकेट तथा आशुतोष शर्मा ने 2 विकेट प्राप्त किये।

### राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता कल से भिलाई में



**रायपुर।** 24 वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में बीएसपी बॉल बैडमिंटन खेल परिसर सेक्टर 4, भिलाई में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की लगभग 20 टीमें पुरुष वर्ग में एवं 16 टीम में महिला वर्ग में भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष इसरार अहमद खान एवं आयोजन सचिव श्यामल बनर्जी है। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति में खेली जाएगी। स्पर्धा के माध्यम से महिला एवं पुरुष सीनियर वर्ग की टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता महिला वर्ग की मुंबई में 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में कर्नाटक में होना है। यह जानकारी वाय राजा राव, सचिव, छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ ने दी।

### राज्य वुडबॉल प्रतियोगिता में चुने गए खिलाड़ी



**रायपुर।** 5 वीं सीनियर राज्य स्तरीय वुडबॉल ओपन चैंपियनशिप महिला/ पुरुष रायपुर में 29 नवम्बर से 1 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। जिससे सरगुजा जिले से आठ खिलाड़ी शामिल होंगे। सरगुजा जिले से साकेत केडिया,आकाश दुबे, शिवानी सोनी, अभिजीत झा, प्रीतम जयसवाल, संदीप सिन्हा, फरहान खान, तनुज मित्रा शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले के वुडबॉल खिलाड़ी लगातार अपना बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी सरगुजा का नाम रौशन कर रहे हैं। सरगुजा जिले से शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अमितेश पाण्डेय, निशांत सिंह (गोल्डी), रजत सिंह ने बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ विजय मर्चेंट ट्रॉफी टीम तैयार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी टीम के लिए, बिलासपुर से 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंदेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किए गए अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में किए गए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं द्वारा 16 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ अंडर 16 टीम के लिए किया है। इन खिलाड़ियों में आर्यन सिंह, जी कविश नायडू, गुणवंत अवस्थी, रणवीर चड्ढा शामिल है। सभी खिलाड़ियों को 29 नवंबर सुबह 11 बजे रायपुर के होटल किंग्सवे में रिपोर्ट करना है।


---

#### शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत के लिए नुकसानदायक है डेस्क जॉब

# लगातार डेस्क जॉब करना भी जोखिम से भरा अल्जाइमर-डिमेंशिया का बढ़ता जा रहा खतरा

डेस्क जॉब या लंबे समय तक एक स्थान पर बैठकर काम करते रहने की आदत को पहले के अध्ययनों में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं वाला बताया गया है। लॉन्ग सिटिंग जॉब्स के कारण सेडेंटरी लाइफस्टाइल का जोखिम बढ़ जाता है, जिसको शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता रहा है। अगर आप भी रोजाना 8-10 घंटे बैठकर काम करते हैं तो अपनी सेहत को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि डेस्क जॉब वालों में समय के साथ गंभीर न्यूरोलॉजिकल विकारों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है, यह आपमें अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया के प्रमुख कारणों में से एक है, आमतौर पर इसका जोखिम 60 की उम्र के बाद वाले लोगों में देखा जाता रहा है। हालांकि इस शोध में बताया गया है कि जॉब करने वाले लोगों में भी इस रोग का जोखिम बढ़ता जा रहा है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।



#### सेडेंटरी लाइफस्टाइल और डिमेंशिया का खतरा

कुछ दशकों पहले तक वयस्कों में डिमेंशिया या अल्जाइमर रोग के खतरे को न के बराबर माना जा रहा था, हालांकि समय के साथ इस आयुवर्ग में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ते हुए देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वर्तमान में 55 मिलियन लोग अल्जाइमर-डिमेंशिया से पीड़ित हैं।

लाइफस्टाइल की समस्याओं के चलते इस तरह की समस्याओं को जोखिम और भी बढ़ गया है। इससे संबंधित जामा जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया अगर आप रोजाना 10 घंटे से अधिक की सिटिंग जॉब करते हैं तो ये स्थिति आपमें डिमेंशिया के विकसित होने का कारण हो सकता है।

#### गतिहीन व्यवहार सेहत के लिए हानिकारक


लेखकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आधे से ज्यादा अमेरिकी लोगों के दिन का करीब साढ़े नौ घंटे से अधिक का समय बैठे हुए बीतता है और ये आदत संज्ञानात्मक और संरचनात्मक मस्तिष्क की उम्र बढ़ने से जुड़ी हुई है। गतिहीन व्यवहार में सिर्फ ऑफिस में लंबे समय तक बैठना ही नहीं, लंबे समय तक बैठकर टेलीविजन देखना, कंप्यूटर पर काम करना और गाड़ी चलाना भी इसमें शामिल है।

#### अध्ययन में क्या पता चला?

गतिहीन व्यवहार किस प्रकार से मस्तिष्क के लिए समस्याकारक है, इसको जानने के लिए शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक से डेटा एकत्र किया। प्रतिभागियों को एक सप्ताह के लिए अपनी कलाई पर एक्सेलेरोमीटर पहनने के लिए कहा गया। फिर एकत्र किए गए डेटा पर एक मशीन लर्निंग-आधारित विश्लेषण किया गया ताकि यह आकलन किया जा सके कि वे कितने गतिहीन थे। डेटा का विश्लेषण किया गया, तो पता चला कि जो लोग दिन में लगभग 10 घंटे गतिहीन रहते थे, उनमें डिमेंशिया का खतरा अधिक था।

#### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

डिमेंशिया के जोखिमों के बारे में अध्ययनकर्ता डॉ. शारा कोहेन कहती हैं, सेडेंटरी लाइफस्टाइल को पहले से ही कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार माना जाता था, जिसमें मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी समस्याएं थीं, इसके कारण अब डिमेंशिया का जोखिम भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। शारीरिक निष्क्रियता, वैस्कुलर हेल्थ के लिए भी हानिकारक है, ये मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को कम करके सेरेब्रोवास्कुलर रोग होने की आशंका को बढ़ा सकती है।



---



## कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने इन टिप्स को कीजिए फॉलो

कपड़े ऐसी जरूरत हैं, जिन्हें हमें समय-समय पर खरीदना होता है। कभी कपड़े हमें टाइट व छोटे हो जाते हैं तो कभी वे पुराने व बेकार हो जाते हैं। ऐसे में हम उन्हें रिटायर कर देते हैं और अपने लिए नए कपड़े खरीदते हैं।

इतना ही नहीं, कभी-कभी हम लेटेस्ट ट्रेंड व फैशन को देखते हुए भी कपड़े खरीदते हैं। सीजन बदलने पर भी कपड़े खरीदना बेहद आम बात है। हम सालभर में कई बार कपड़े खरीदते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि इन कपड़ों को खरीदने के लिए आप कितना पैसा खर्च कर रहे हैं। अक्सर इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है, लेकिन कपड़े खरीदने के चक्कर में हम काफी सारे पैसे यूं ही वेस्ट कर देते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग नहीं करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने में आपकी मदद करेंगे-

#### बेसिक्स में करें इनवेस्ट



अगर आप सच में कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग (स्मार्ट शॉपिंग) करना चाहती हैं तो आपको बेसिक्स में इनवेस्ट करना चाहिए। मसलन, आप एक व्हाइट शर्ट खरीद सकती हैं। जिसे आप जींस के साथ पेयर करके केजुअल लुक क्रिएट कर सकती हैं। वहीं, ब्लैक पैंट या स्कर्ट के साथ पहनकर ऑफिस जा सकती हैं। इसी तरह, पार्टी में भी इंडो-वेस्टर्न लुक में व्हाइट शर्ट को पहना जा सकता है। इस तरह एक ही पीस कई तरह से स्टाइल हो जाएगा और आपको हर ओकेजन के लिए अलग से शॉपिंग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

#### ऑफ सीजन सेल में करें शॉपिंग

कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप ऑफ सीजन सेल में शॉपिंग करें। इन सेल में आपको ब्रांडेड कपड़े लोकल कपड़ों के दाम में मिल जाते हैं। अच्छे ब्रांड्स सीजन खत्म होते-होते अपने माल को स्टॉक करके नहीं रखना चाहते हैं। ऐसे में वे कुछ दिनों की सेल रखते हैं। इस सेल में आप बेहद कम दाम पर अच्छी क्वालिटी के डिजाइनर आउटफिट खरीद सकती हैं।

#### ना हों ओवर बजट

यह अक्सर देखने में मिलता है कि हम कपड़ों की शॉपिंग (शॉपिंग टिप्स) करते हुए अक्सर ओवर बजट हो जाते हैं। लेकिन आपको वास्तव में इससे बचना चाहिए। इसलिए, सबसे अच्छा तरीका यही होगा कि आप पहले अपने कपड़ों की शॉपिंग के लिए एक बजट तय कर लें। इससे आपके लिए अपने कपड़ों की शॉर्टलिस्ट करने में काफी आसानी होगी।

#### वार्डरोब जरूर करें रिविजिट

यह एक ऐसा स्मार्ट टिप है, जिसे अधिकतर लोग फॉलो नहीं करते हैं, लेकिन वास्तव में यह टिप आपके बेहद काम आ सकता है। हमेशा कपड़ों की शॉपिंग पर जाने से पहले अपने वार्डरोब को एक बार रिविजिट जरूर करें। इससे आपके दिमाग में यह रह जाता है कि आपके पास क्या है और आपको क्या खरीदने की जरूरत है। इतना ही नहीं, इससे आपके लिए यह तय करना भी आसान हो जाता है कि आप जो कपड़ा खरीदना चाहते हैं, वह आपके पास मौजूद आउटफिट के साथ काम करेगी या नहीं।



---

## राजस्थानी खूबा रोटी बनाएं और खूब चाव से खाएं

हमारे देश में एक साधारण रोटी के कई नाम, बनाने के अलग-अलग तरीके, स्वाद में बदलाव होते हैं। वैसे तो लोग साधारण रोटी खाना पसंद करते हैं, लेकिन यदि आप साधारण रोटी के स्वाद में कुछ बदलाव चाहते हैं, तो राजस्थान की एक प्रसिद्ध खूबा रोटी जरूर बनाएं।


खूबा रोटी राजस्थान की बहुत ही प्रसिद्ध और पारंपरिक रोटी है। खूबा रोटी को हर कोई बहुत ही आसानी से बना सकते हैं। खाने में बेहद स्वादिष्ट इस रोटी को साधारण रोटी से थोड़ा ज्यादा मोटा बेलकर धीमी आंच पर सेंका जाता है।

खूबा रोटी बनाने के लिए सबसे पहले गेहूं के आटे को छलनी (छलनी कैसे साफ करें) से छानकर एक बर्तन में रखें। अब इस आटे में नमक, जीरा और घी डालकर मोयन मिलाएं। सब कुछ मिक्स करने के बाद थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। गूंथे हुए आटा को कुछ देर ढककर रखें, ताकि सेट हो जाए। 10-15 मिनट बाद आटा को अच्छे से मसलकर लोई बनाएं और गैस ऑन करके तवा गर्म करने के लिए रखें। तवा गर्म होने तक तक चकले (चकले से जुड़े वास्तु उपाय) में लोई रखकर मोटी रोटी बेल लें। बेलने के बाद रोटी को तवे पर डालकर धीमी आंच में पकने दें। एक तरफ जब सिक जाए तो दूसरी तरफ पलट दें। अब उंगली की मदद से रोटी के ऊपर उंगली और अंगूठे की सहायता से खाँचे या खुरचन बना लें। रोटी को अच्छे से सेंक लें और खुरचन या खाँचे वाली साइड को भी पलटकर सेंक लें। गैस की आंच को धीमी रखें दोनों तरफ जब सिक जाए तो प्लेट में निकाल लें और अच्छे से घी लगाकर पंचरत्न दालके साथ खाने के लिए सर्व करें।



खूबा रोटी के लिए आटा बनाते वक्त उसमे एक से दो चम्मच घी का मोयन डालने से रोटी अंदर से सिकती है, स्वाद बढ़िया और कुरकुरी लगती है। खूबा रोटी को स्वादिष्ट बनने के लिए आटा सख्त हो गूथें। खांचे या खुरचन बनाने के तुरंत बाद न पलटे नहीं तो खांचे टूट जाएंगे। खांचे में ही आप घी लगाकर सेक सकते हैं।

## वास्तु अनुसार वर्कटेबल पर क्या रखना है, यह जानें



ऐसा कई बार होता है कि हमारा काम में मन नहीं लगता है या फिर काम में अक्सर गलतियां होती हैं। कभी-कभी ऐसा होना सामान्य है, लेकिन अगर आपके साथ लगातार ऐसा हो रहा है तो ऐसे में आपको थोड़ा सतर्क हो जाना चाहिए। कभी-कभी हमारी छोटी-छोटी वास्तु मिस्टेक्स के कारण काम में हमारा मन नहीं लगता है या फिर काम से जुड़ी ग्रोथ रुक जाती है।अक्सर हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन वर्कटेबल पर कुछ भी रख देते हैं।

हालांकि, ऐसा करने से काम पर बहुत अधिक असर पड़ता है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें वर्कटेबल पर नहीं रखना चाहिए, अन्यथा काम पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी वर्कटेबल पर नहीं रखना चाहिए-

#### ना रखें बेकार का सामान

कई बार हम वर्कटेबल पर ऐसी भी कई चीजें रख देते हैं, जिनका हमारे काम से कोई लेना-देना नहीं होता है या फिर वह काम कंप्लीट हो चुका होता है। ऐसे में हम फिर भी उन फाइल्स या डॉक्यूमेंट्स को टेबल पर रखते हैं। हालांकि, आपको वर्कटेबल पर इस तरह बेकार का सामान नहीं रखना चाहिए। इससे व्यक्ति का अपने काम में मन नहीं लगता है। साथ ही साथ, उसके काम में बार-बार गलतियां होने की संभावनाएं भी काफी बढ़ जाती हैं।

#### खराब आइटम्स से बचें

कभी-कभी कोई स्टेशनरी जैसे पेन आदि खराब हो जाते हैं या फिर कोई कंप्यूटर पार्ट या फिर इंक कार्टेज आदि सही तरह से काम नहीं करते हैं। लेकिन हम इन्हें भी वर्क टेबल पर यूं ही रहने देते हैं ताकि हम इन्हें बाद में ठीक करवा सकें। हालांकि, आपको इन्हें तुरंत ठीक करवाना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो इसे वर्क टेबल से हटा दें। ये जो नॉन वर्किंग चीजें होती हैं, उन्हें डेड आइटम माना जाता है। इस तरह की डेड आइटम्स आपकी कार्यक्षमता को खराब करती हैं।


---

#### कार्नर न्यूज

#### बढ़ती उम्र के साथ दर्द की तकलीफ करती है परेशान, अपनाएं योग

# दर्द से परेशान हैं तो लीजिए योग का सहारा, आराम के साथ मिलेगी राहत

उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। बढ़ती उम्र में जोड़ों का दर्द, कमर दर्द होना आम बात होती है। उठने-बैठने में भी समस्या होना शुरू आ जाती है। समय रहते इसका उपचार न करने पर धीरे- धीरे ये समस्याएं इतनी बढ़ने लगती हैं कि चलने-फिरने और दैनिक कार्यों में असुविधा होने लगती है। दर्द से राहत पाने के लिए लोग दर्द निवारक दवाइयां लेने लगते हैं। इन दवाइयों से कुछ समय के लिए शरीर को आराम तो मिल जाता है, बाद में फिर परेशानियां होने लगती है। वहीं लगातार दर्द निवारक दवा का इस्तेमाल शरीर के लिए नुकसानदायक भी होता है। बढ़ती उम्र में जोड़ों के दर्द, कमर दर्द और अन्य शारीरिक परेशानियों से निजात पाने के लिए प्राकृतिक उपचार के तौर पर योगासन का नियमित अभ्यास करें। यहां बताए जा रहे कुछ योगासन का नियमित अभ्यास दर्द से राहत दिलाएगा।



#### सेतुबंधासन

सेतुबंधासन का अभ्यास करने के लिए पीठ के बल आराम से लेट कर अपनी हथेलियों को शरीर के पास जमीन से सटाकर रखें। अब घुटने मोड़ कर धीरे धीरे सांस लेते हुए शरीर को ऊपर की ओर उठाएं। इस स्थिति में रहते हुए सांस लें और छोड़ें। कुछ देर बाद पुरानी स्थिति में आ जाएं।

#### धनुरासन

धनुरासन का अभ्यास करने के लिए पेट के बल लेट कर दोनों पैरों को मोड़कर ऊपर की ओर ले जाएं। दोनों हाथों से पैरों के पंजों को पकड़कर सांस लेते हुए पैरों को ऊपर की ओर खींचें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

#### शवासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों को आराम से फैला लें। हाथों को शरीर से 5 से 6 इंच की दूरी पर रखते हुए इसी अवस्था में गर्दन आराम दायक मुद्रा में सीधी रखें। अब आंखों को बंद करके कुछ देर इसी अवस्था में रहें।

#### वीरभद्रासन

इस योग को करने के लिए सबसे पहले सीधी मुद्रा में खड़े होकर अपनी बाहों को फर्श के समानांतर उठाते हुए सिर को बाईं ओर मोड़ें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्कॉरसेसे और स्पीलबर्ग की होने जा रही दिलचस्प जुगलबंदी, एपल की हरी झंडी



एपल टीवी प्लस ने दो ऑस्कर विजेताओं मार्टिन स्कॉर्सेसे और स्टीवन स्पीलबर्ग द्वारा निर्मित टीवी सीरीज केप फियर को औपचारिक रूप से हरी झंडी दे दी है। उनके साथ इस सीजन में जेवियर बार्डेम भी नजर आएंगे।

निक एंटोस्का ( द एक्ट ) द्वारा निर्मित , केप फियर जॉन डी। मैकडोनाल्ड के उपन्यास ₹द एक्जीक्यूशनर्स₹ पर आधारित है। इसी नाम की 1962 की फीचर फिल्म के अलावा स्कोर्सेसे द्वारा निर्देशित 1991 की रीमेक से भी प्रेरित है। फैंस के लिए खुशखबरी है कि अब 'केप फियर' एपल टीवी प्लस पर प्रसारित होगी।

'केप फियर' पूरे दस एपिसोड की सीरीज है। इसमें सस्पेंस, थ्रिलर और 21वीं सदी में अमेरिका के सच्चे अपराध के प्रति जुनून को दर्शाया जाएगा। कहानी की बात करें तो अमांडा और स्टीव बोडेन के जीवन में तब तूफान आता है, जब उनके अतीत का हत्यारा मैक्स कैडी (बार्डेम द्वारा अभिनीत) जेल से बाहर आ जाता है। यह मैकडोनाल्ड की पुस्तक और फिल्मों से थोड़ा हटकर है, जहां केवल पति ही वकील होता है। दोनों फिल्मों में मैक्स की भूमिका रॉबर्ट मिचम (1962) और रॉबर्ट डी नीरो (1991) ने निभाई थी। विवाहित जोड़े की भूमिका ग्रेगरी पेक और पॉली बर्गन और निक नोल्टे और जेसिका लैंग ने निभाई थी। यह भूमिका बार्डेम को खलनायक की दुनिया में वापस ले आएगी, उन्होंने कई फिल्मों में उत्कृष्ट अभिनय किया है।

### टॉलीवुड

## 'सूर्या 45' का मुहूर्त शॉट पूरा 19 साल बाद पर्दे पर होंगे साथ




साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इसका अस्थायी शीर्षक 'सूर्या 45' है। दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदे हैं क्योंकि सूर्या की हालिया रिलीज फिल्म 'कंगुवा' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पस्त रही है। 'सूर्या 45' का इंतजार कर रहे प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। अभिनेता को तमिलनाडु के पोलाची में श्री मसानिअम्मन मंदिर में निर्देशक आरजे बालाजी के साथ आगामी फिल्म के लिए पूजा समारोह में भाग लेते देखा गया। एकादशी के शुभ अवसर पर, सूर्या और आरजे बालाजी के साथ उनकी टीम समारोह के लिए प्रसिद्ध मंदिर में एकत्रित हुई। भगवान के आशीर्वाद के साथ फिल्म का मुहूर्त शॉट लिया गया। आइए इसके शूटिंग शेड्यूल पर गौर फरमा लेते हैं-

'सूर्या 45' की शूटिंग का पहला शेड्यूल 28 नवंबर, 2024 को कोयंबटूर में होगा। 'सूर्या 45' लगभग दो दशकों के बाद सूर्या और तृषा कृष्णन को स्क्रीन पर साथ ला रही है। दोनों को आखिरी बार 2005 की फिल्म 'आरू' में एक साथ देखा गया था। यह फिल्म सूर्या और आरजे बालाजी के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है। ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म के लिए एआर रहमान को संगीतकार के रूप में चुना गया है।

सूर्या अगली बार कार्तिक सुब्बाराज की एक्शन फिल्म में दिखाई देंगे, जिसका अस्थायी नाम 'सूर्या 44' है। सूर्या के साथ, फिल्म में पूजा हेगड़े, जयराम, जोजू जॉर्ज, करुणाकरण, नासर और प्रकाश राज जैसे अन्य कलाकार हैं। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है। शूटिंग पूरी होने और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर होने के साथ, निर्माता इसे 2025 की गर्मियों में रिलीज की योजना बना रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'बलम' को रिझाती आई नजर रश्मि, खूब मटकाई कमरिया



सीरियल उतरन की 'तपस्या' आज घर-घर में पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने तपस्या का रोल प्ले किया था। इस रोल ने उन्हें खूब नेम-फेम दिया था। रश्मि टीवी की पॉपुलर स्टार बन गईं। लेकिन क्या आपको पता है कि रश्मि ने अपने करियर में भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। एक्ट्रेस के गाने खूब वायरल होते थे। उनका सॉन्ग चढ़ल जवानी रसगुल्ला तो काफी चर्चा में रहा है। ये फिल्म बलमा बड़ा नादान का सॉन्ग है। गाने को सिंगर कल्पना ने गया है। लिरिक्स इसके विनय बिहारी ने लिखे हैं। टी-सीरीज हमार भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर ये गाना अवेलेबल है। इस गाने में रश्मि देसाई साड़ी पहने ठुमके लगाती दिख रही हैं। वो अपने बलम को रिझाती नजर आ रही हैं। वो अपनी खूबसूरती का जलवा गाने में खूब बिखेरती नजर आईं। काली साड़ी पर लाल चूड़ी पहने दिखीं रश्मि बहुत खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने इस गाने में सिंदूर और मंगलसूत्र भी फ्लॉन्ट किया है। इस गाने को अब तक 1 करोड़ 96 लाख व्यूज मिल चुके हैं। बता दें कि रश्मि ने अपने करियर की शुरुआत में कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया। वो बलमा बड़ा नादान के अलावा माई रे करदे बिदाई हमार, कब होई गौना हमार, तुलसी, सुहागन बना दे सजना हमार, नदिया के तीर, दूल्हा बाबू, बंधन टूटे ना, कंगना खनके पिया के अंगना, तोसे प्या बा जैसी तमाम भोजपुरी फिल्में की हैं।




कोरिया की सांवरिया

सिंगापुर के फ़ोटोग्राफ़र अराम पैन ने उत्तर कोरिया का दौरा किया और 1,000 फ़ैशन प्रशंसकों के साथ प्योंगयांग में एक वार्षिक फ़ैशन शो में भाग लिया। फ़ैशन शो में महिलाओं के लिए 1960 के दशक में पश्चिमी रनवे की याद दिलाने वाले सूट दिखाए गए। पैन ने कहा, ₹स्कर्ट कुल मिलाकर आजकल थोड़ी छोटी लगती हैं।₹ रंग भी ज़्यादा बोल्ड लगते हैं।

## फेसवॉश के समय बिल्कुल न करें ये गलतियां



आप कहेंगे, ₹मैं अपना चेहरा रोज धोता हूं।₹ सुबह से लेकर शाम तक न जाने हम कितनी बार अपना चेहरा धो लेते हैं लेकिन, बावजूद इसके चेहरे पर कोई खास फर्क नजर नहीं दिखाई देता है। 10 में से 7 पुरुष हर रोज फेस वॉश करते समय कई गलतियां करते हैं। जैसे फेश वॉश को चुनने में गलती, कैसे उसे इस्तेमाल करना है इत्यादि। यहां जानें फेश वॉश से जुड़ी दिलचस्प बातें। अपना फेस वॉश चुनना सच में काफी मुश्किल काम है। फेश वॉश लेने से पहले आपको अपनी त्वचा का निरीक्षण करना चाहिए।

यह जानिए कि आपकी स्किन किस प्रकार की है। डॉक्टर से राय लें ताकि आप अपने चेहरे पर जो फेश वॉश लग रहा है वह कितना आपके लिए लाभदायक है। नॉर्मल से ड्राई स्किन वाले पुरुषों को हाइड्रेटिंग और क्रीमी फेस वॉश लगाना चाहिए। वहीं ऑयली और मिक्सड टेक्सचर त्वचा वाले लोगों को फोम वॉश या जेल क्लीन्जर आजमाना चाहिए और याद रखें आपके फेस वॉश का जेल फॉर्म में हो लेकिन झागदार हो।

त्वचा के गर्म और ठड़ा दोनों ही किस्म का पानी हानिकारक होता है। जब भी आप अपना चेहरा धोएं जो पानी का तापमान जरूर ध्यान में रखें क्योंकि, गर्म पानी से आपकी स्किन को नुकसान होगा तो ठंडा पानी इसे और ड्राई बना देगा। अक्सर हम चेहरा धोते हुए क्या करते हैं कि फेश वॉश हाथ में लेते हैं और झट से चेहरे पर रगड़ लेते हैं और तुरंत ही धो लेते हैं। यही आपकी पहली गलती है। जी हां, चेहरा धोते समय से फेश वॉश को लें और हल्के हाथों से इसे लगाते हुए मसाज करें। कुछ मिनटों के लिए इसे छोड़ दें और फिर नॉर्मल पानी से इसे धोएं। इससे फेश वॉश में मौजूदा गुण आपकी स्किन में आसानी से जा पाएंगे।

## सिंपल सूट में चाहती हैं न्यू लुक तो स्टाइल करें ये नए डिजाइन वाले दुपट्टे




सूट के साथ दुप्पटा आपके लुक को कम्पलीट करने और स्टाइलिश बनाने के काम आता है। वैसे तो सूट के साथ आपको दुप्पटा मिलता हैं। लेकिन, अगर आप सिंपल सूट पहन रही है और इस सूट के साथ न्यू लुक चाहती हैं तो आप न्यू डिजाइन वाले दुपट्टे स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ दुपट्टे दिखा रहे हैं जो सिंपल सूट में न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### सिल्क दुपट्टा

अगर आप ब्लैक और व्हाइट कलर का सूट पहन रही हैं तो आप इस तरह का सिल्क दुप्पटा स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। यह दुप्पटा लाइट कलर में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का दुप्पटा आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप 1,000 रुपए से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

### प्रिंटेड दुपट्टा

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंट दुप्पटा भी सूट के साथ वियर कर सकती हैं। इस दुपट्टे में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस दुपट्टे को आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 700 से 800 रुपये में खरीद सकती हैं।

### मिरर वर्क दुपट्टा

न्यू लुक के लिए आप इस तरह का मिरर वर्क दुप्पटा भी सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस दुप्पटे में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें एम्ब्रॉयडरी भी की गई है जो सूट में आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा। इस दुप्पटे को आप 800 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### मल्टी कलर दुपट्टा

इस तरह का दुप्पटा भी आप व्हाइट सूट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस तरह दुप्पटा सिंपल सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इसे आप 500 रुपये में खरीद सकती हैं। सूट में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का दुप्पटा भी स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह के दुप्पटे में आपक लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

## ब्लाउज की स्लीव्स के डिजाइंस आजमाएं, नहीं दिखेगा आर्म फैट



अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए स्टाइलिंग को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से चीजों को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक से इंस्पायर हो सकती हैं।किसी भी लुक में चार चांद लगाने के लिए उसकी स्टाइलिंग सही तरीके से करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ आपको अपनी बॉडी के आकार का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

अक्सर ब्लाउज खरीदते समय हम अपनी बाजू के फैट को छुपाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए परफेक्ट डिजाइन का ब्लाउज नहीं खरीद पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज की स्लीव्स के कुछ खास डिजाइंस जिनकी मदद से आप आसानी से आर्म फैट को छुपा पाएंगी और अपने लुक को आकर्षक बना पाएंगी।

### ऑफ शोल्डर स्लीव्स

वैसे तो ऑफ शोल्डर में कई डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो व्रैप स्टाइल वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। लुक को कम्प्लीट करने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप स्कर्ट से लेकर साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### पर्ल चैन स्टाइल ब्लाउज

अगर आप स्लीवलेस डिजाइन के ब्लाउज को पहनना चाहती हैं तो इस तरह से पर्ल डिजाइन की चैन लगा सकती हैं। इसके लिए आप मल्टी-लेयर में चैन लगवाएं। वहीं पर्ल के लिए आप कलरफुल मोती भी चुन सकती हैं।

## साड़ी की प्लीट्स को सेट करने के आसान हैक्स संवारेंगे आपको

वहीं साड़ी पहनना कई लोगों के लिए बेहद आसान होता है, तो कई लोगों के लिए ये काफी मुश्किल टास्क भी कहलाता है। इसी बीच फैशन एक्सपर्ट डॉली जैन ने अपने सोशल मीडिया पर साड़ी की प्लीट्स बनाने के आसान तरीके अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिनकी मदद लेकर आप आसानी से साड़ी बांध सकती हैं और साड़ी लुक को आकर्षक बना सकती हैं।



### साड़ी की प्लीट्स बनाने का पहला आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अपने अंगूठे, इंडेक्स और बीच की उंगली की सहायता लेनी चाहिए। इसके बाद अंगूठे की मदद से एक-एक प्लीट्स बना लें। प्लीट्स बनाने के लिए आप जल्दबाजी बिल्कुल भी न करें अन्यथा ये खुल जाएंगी। बता दें कि इस तरह से प्लीट्स बनाने पर आपको इसे ज्यादा सेट करने की आवश्कता नहीं होगी। इन्हें सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं।

### साड़ी की प्लीट्स बनाने का दूसरा आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अंगूठे और हाथों की सबसे छोटी उंगली का सहारा लेना होगा। इसके लिए आप इन दोनों उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बनानी चाहिए। बता दें कि आराम से ही आप अपनी कलाई को घुमाये ताकि एक-एक प्लीट्स सही तरीके से साफ नजर आए।

कार्नर न्यूज

### पुरुषों के लिए बेस्ट मेकअप ट्रेंड और प्रोडक्ट जानना बेहद जरूरी

## दौर पुरुषों के मेकअप का भी है, बाजार में हाजिर है आपके लिए जरूरी प्रोडक्ट

मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं। 2023 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा। पुरुषों के लिए इन मेकअप ट्रेंड को आप भी जानिए ताकि आपको भी अपने लुक पर मिलें फुल मार्क्स।

### आइब्रो की ग्रूमिंग

मेकअप के ढेरों ट्रेंड आने के बाद भी आइब्रो के मेकअप पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। बाकी चेहरे पर भले ही महंगे प्रोडक्ट लगा लिए जाएं लेकिन आईब्रो ऐसी ही रह जाती है। ऐसा महिलाओं के साथ भी होता है। फिर जब बात पुरुषों की हो तब तो इसे भूल ही जाइए।

लेकिन 2023 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं। इससे लुक में बहुत अंतर आ जाता है।



**बीबी क्रीम:** बीबी क्रीम ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जिसे लाइटवेट फाउंडेशन, कंसीलर और मॉइश्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल क्या जा सकता है। इसको स्किन कलर को ईवेन टोन दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर स्किन में कोई दिक्कत है तो ये बीबी क्रीम उसको भी ढक लेती है। इसका फायदा ये भी होता है कि इस क्रीम को लगाने के बाद भी लगेगा ही नहीं कि मेकअप का इस्तेमाल किया गया है। नया ट्रेंड फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम को पुरुषों के साथ मेकअप के साथ जोड़ता है।

**मस्कारा :** अभी तक पुरुषों को मस्कारा लगाते नहीं देखा जाता था। लेकिन 2023 का ट्रेंड कहता है कि पुरुष भी अपने मेकअप में मस्कारा को जोड़ सकते हैं। इससे पुरुषों के लुक में पलकें भी पूरा योगदान देंगी। मस्कारे से पुरुषों की पलकों को काफी वॉल्यूम मिल जाता है। इसके साथ पुरुष ड्रामेटिक लुक के लिए काले और भूरे रंग में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं।

**कंसीलर :** पुरुष मेकअप करेंगे तो फाउंडेशन भले ही चुन लें लेकिन कंसीलर इस्तेमाल करने का तो सोचते भी नहीं होंगे। लेकिन पुरुषों के लिए 2023 का मेकअप ट्रेंड कहता है कि उन्हें भी कंसीलर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए।

दरअसल कंसीलर डार्क सर्कल के साथ दाग-धब्बों को भी छुपा लेता है। कंसीलर का वो शेड लें जो आपकी स्किन टोन से पूरी तरह मैच करता हो। चेहरे पर ये नेचुरल लगे, इसके लिए कंसीलर को हाथों या ब्रश से ही लगाएं।

**लिप बाम :** पुरुष लिपस्टिक तो नहीं लगाएंगे लेकिन फटे हुए होंठ आपका लुक जरूर बिगाड़ देंगे। इसलिए एक अच्छा लिप बाम आपके पास जरूर होना चाहिए। इनके साथ अब कलर का ऑप्शन भी आता है, इसलिए आप उनमें से भी किसी का चुनाव कर सकते हैं।

